Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 12 | रविवार, 12 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन' में बोले अमित शाह

# '5 फरवरी दिल्ली का आपदा से मुक्ति दिवस है'

**नई दिल्ली।**

अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि आप-दा का घोषणा पत्र सिर्फ झूठ होता है और हम जो कहते हैं वो करते हैं और हम वही कहते हैं जो कर सकते हैं। मैं आज यहां आपको ये कहने के लिए आया हूं कि आप दिल्ली के मुक्तिदाता बन सकते हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली के जेएलएन स्टेडियम में झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन को संबोधित किया। गृह मंत्री ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय राजधानी में झुग्गी-झोपड़ियों में गरीबों की पीड़ा के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र पत्थर का लकीर होता है। ये मोदी की गारंटी होती है, जिसको जमीन पर उतरना ही है। भाजपा का घोषणा पत्र आप-दा के घोषणा पत्र जैसा नहीं होता। अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि आप-दा का घोषणा पत्र सिर्फ झूठ होता है और हम जो कहते हैं वो करते हैं और हम वही कहते हैं जो कर सकते हैं। मैं आज यहां आपको ये कहने के लिए आया हूं कि आप दिल्ली के मुक्तिदाता बन सकते हैं। आप दिल्ली को कई सारी आपदाओं से मुक्त करा सकते हैं और मेरी बात गांठ बांध कर जाना- 5 फरवरी... दिल्ली का आप-दा से मुक्ति का दिन है। अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने झुग्गीवासियों के दर्द, असुविधा और वादे तोड़ने के खिलाफ गुस्से को सुना है। उन्होंने आपकी सभी समस्याओं की एक सूची बनाकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री मोदी को दी है। हमारा घोषणा पत्र आपको आपकी सभी समस्याओं से मुक्ति दिलाएगा। बीजेपी का घोषणापत्र प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया, अन्ना हजारे जैसे संत पुरुष को आगे करके सत्ता पर काबिज हुए और इन्होंने इतना भ्रष्टाचार किया कि देश में भ्रष्टाचार की रिकॉर्ड को तोड़ दिया। मैं आज कह रहा हूं आप पार्टी वालों- दिल्ली के आप आप-दा बने हो, दिल्ली की जनता के लिए आप-दा बने हो... यही नहीं, केजरीवाल आप पार्टी के लिए भी आप-दा बन गए हैं।



**अरविंद केजरीवाल को तुरंत राजनीति से बाहर कर देना चाहिए**

## रमेश बिधुड़ी होंगे बीजेपी के सीएम उम्मीदवार, अरविंद केजरीवाल का दावा, दे दिया बड़ा चैलेंज

**नई दिल्ली।**




केजरीवाल ने कहा कि उनके नाम की आधिकारिक घोषणा के बाद दिल्ली की जनता के सामने बीजेपी और आप के सीएम उम्मीदवारों के बीच बहस होनी चाहिए।

इसके बाद उन्होंने कहा कि आप सांसद संजय सिंह ने जो खुलासे किए हैं वो बेहद चौंकाने वाले हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा के सूत्रों ने उन्हें बताया है कि आने वाले एक या दो दिनों में रमेश बिधूड़ी के नाम की आधिकारिक घोषणा भाजपा के सीएम चेहरे के रूप में की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं रमेश बिधूड़ी को बीजेपी का सीएम चेहरा बनने पर बधाई देता हूं। रमेश बिधूड़ी को बताना चाहिए कि उन्होंने सांसद रहते हुए दिल्ली के विकास के लिए क्या किया। दिल्ली के लिए उनका दृष्टिकोण क्या है? केजरीवाल ने कहा कि उनके नाम की आधिकारिक घोषणा के बाद दिल्ली की जनता के सामने बीजेपी और आप के सीएम उम्मीदवारों के बीच बहस होनी चाहिए। इसके बाद उन्होंने कहा कि आप सांसद संजय सिंह ने जो खुलासे किए हैं वो बेहद चौंकाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि नई वोट बनाने के लिए दिसंबर और जनवरी महीने में कैबिनेट मंत्रियों और 'गाली-गलैज' पार्टी के सांसदों के आवासों से आवेदन दाखिल किए गए थे।

## सीरियाई नेता से मिले लेबनानी प्रधानमंत्री मिकाती

**दमिश्क (सीरिया)।** लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने सीरियाई शरणार्थी संकट के समाधान की जरूरत पर जोर दिया, विशेषकर उन दस लाख शरणार्थियों के लिए जो 2011 से चल रहे गृहयुद्ध के कारण लेबनान में आए हैं। उन्होंने कहा कि कई शरणार्थी वापस लौट चुके हैं, लेकिन कई अब भी लेबनान में हैं। इस दौरान दोनों नेताओं ने सीरिया में मौजूद शरणार्थियों की बड़ी संख्या को उनके घर वापस भेजने के तरीकों पर चर्चा की।

### कन्नौज स्टेशन पर बड़ा हादसा

## निर्माणाधीन लिंटर गिरा, कई लोगों के दबे होने की आशंका



**नई दिल्ली।**

रेलवे बोर्ड के सदस्य सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि रेलवे की अमृत भारत योजना के तहत आज तीन स्टेशनों का चयन किया गया, जिसमें कन्नौज भी शामिल है।

यहां एक निमार्णाधीन लिंटर गिर गया है। उत्तर प्रदेश के कन्नौज रेलवे स्टेशन पर एक निमार्णाधीन इमारत शुक्रवार को ढह गई, जिसके मलबे में दर्जनों मजदूर दब गए। यह घटना तब हुई जब स्टेशन पर सौंदर्यीकरण परियोजना के तहत दो मंजिला इमारत पर काम चल रहा था। हादसे के वक्त मौके पर करीब 35 कर्मचारी मौजूद थे। रेलवे, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में बचाव अभियान ने अब तक 23 श्रमिकों को मलबे से बचाया है। रेलवे बोर्ड के सदस्य सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि रेलवे की अमृत भारत योजना के तहत आज तीन स्टेशनों का चयन किया गया, जिसमें कन्नौज भी शामिल है। यहां एक निमार्णाधीन लिंटर गिर गया है। प्रशासन तुरंत हरकत में आया और सभी इलाकों के अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने भी बचाव कार्य किया। आगे की जांच चल रही है। जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह घटना तब हुई जब निमार्णाधीन छत की शटरिंग गिर गई। उन्होंने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता फंसे हुए श्रमिकों को बचाना है।

## मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा भीड़ ने असम राइफल्स का शिविर किया ध्वस्त




**इंफाल।**

मणिपुर के कामजोंग जिले में शनिवार को भीड़ ने असम राइफल्स के अस्थायी शिविर पर धावा बोल दिया और उसे ध्वस्त कर दिया। भीड़ ने लकड़ी परिवहन पर प्रतिबंध और उत्पीड़न को लेकर यह कदम उठाया है। होंगबेई क्षेत्र में शिविर पर हमला करने वाले लोग नगा बहुल जिले के कासोम खुल्लेन ब्लॉक के थे।

अधिकारियों ने बताया कि कासोम खुल्लेन में आवास निर्माण के लिए जा रही लकड़ी असम राइफल्स के जवानों ने रोक दी जिससे तनाव पैदा हो गया। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए असम राइफल्स कर्मियों ने आंसू गैस के गोले का प्रयोग किया और हवाई फायर किए। भीड़ ने अर्धसैनिक बल को क्षेत्र से हटाने की मांग की। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

### मणिपुर के दो गांवों में अशांति के बाद कर्फ्यू

मणिपुर के कांगपोकपी जिले के दो पड़ोसी गांवों में शनिवार को अशांति और हिंसा बढ़ने की आशंका के मद्देनजर कर्फ्यू लगा दिया गया। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने एक आदेश में कहा कि कांगचुप गेलजांग उप-मंडल के अंतर्गत कोंसाखुल और लीलोन वैफेई गांवों में शांति भंग होने की आशंका है।

## बर्फबारी और बारिश के साथ उत्तर भारत में बढ़ी ठंड

**नई दिल्ली।**

दिल्ली-एनसीआर शनिवार सुबह घने कोहरे की चादर से लिपटा रहा। दृश्यता कम होने के साथ बादल भी रहे।

वहीं शाम को हल्की बारिश से ठंड बढ़ गई। सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस था, जो शाम को वर्षा के बाद गिर कर 7.7 डिग्री सेल्सियस हो गया। अधिकतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री नीचे 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के पहाड़ों पर बर्फबारी भी हुई। साथ ही पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी हल्की बारिश हुई। इस कारण तापमान गिरने से उत्तर भारत में ठिठुरन बढ़ गई है। दिल्ली में शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक करीब साढ़े सात घंटे घना कोहरा रहा। शनिवार सुबह आइजीआइ एयरपोर्ट पर न्यूनतम दृश्यता 200 मीटर तक रही। इसलिए उड़ानें रद नहीं हुई। ट्रेनों की चाल पर कोहरे का असर सबसे ज्यादा रहा। दिल्ली के साथ उत्तर प्रदेश में ट्रेनें घंटों लेट चल रही हैं। इस कारण से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है।



### उत्तराखंड-हिमाचल में आज भी बर्फबारी के आसार

हिमाचल में शनिवार को रोहतांग, बारालाचा, शिंकुला व कुंजुम में हल्का हिमपात हुआ। वहीं प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर बादल छाये रहे, जिससे अधिकतम तापमान में पांच से 11.4 डिग्री तक की गिरावट आई है।

### गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे इंडोनेशियाई राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो के 26 जनवरी को भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने की संभावना तेज हो गई है। इस मामले में भारत ने अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। क्योंकि अटकलें तेज थी कि प्रबोवो भारत के बाद पाकिस्तान के दौरे पर जाने वाले है।

## आज युवाओं से संवाद करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** इसे युवाओं की राजनीति की पाठशाला कहा जा सकता है। इसके माध्यम से सरकार का जोर युवा नेता बनाना है, जो देश के विकास के विजन को प्रमुखता देते हुए राजनीति में आगे बढ़े इस युवा महोत्सव को युवा के लिए युवाओं द्वारा युवा संकल्प के साथ पेश किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पूरा दिन ह्यविकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉगह्व में प्रतिभागियों के साथ बिताएंगे। यह कार्यक्रम बिना किसी राजनीतिक संबंध वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने के उनके प्रयासों के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर होने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें पीएम मोदी युवाओं से 2047 के विकसित भारत के रोड मैप पर उनके विचारों को जानेंगे। भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रधानमंत्री युवाओं के साथ महिला सशक्तिकरण, विकसित भारत, डिजिटल भारत, खेलों में श्रेष्ठता जैसे 10 विषयों पर प्रेजेंटेशन भी देखेंगे। इसके चलते बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं को अवसर देकर देश निर्माण के 10 विषयों पर 2047 में विकसित भारत के लिए उनके विजन को सम्मिलित किया गया है।



## बौध जिले के एक गांव में आग लगने से दो बच्चों की मौत



**भुवनेश्वर।**

ओडिशा के बौध जिले में शनिवार को पुआल के ढेर में आग लग गई जिसकी चपेट में आकर दो लड़कों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

घटना बौध जिले के सदर ब्लॉक के मुंडीपदर पंचायत के बौनसुनी गांव में हुई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, एक लड़का आठ साल का था, जबकि दूसरा सिर्फ पांच साल का था।हादसे पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। स्थानीय लोगों के अनुसार, शाम को मौसम ठंडा होने के कारण लड़के अपने घर के बाहर आग के पास बैठे थे। तभी आग की लपटें बढ़ने लगीं।

लड़कों ने खुद को बचाने के लिए पुआल के ढेर में शरण ली लेकिन उसने भी आग पकड़ ली। बच्चों की मदद करने आए लोग भी नहीं बचा सके जान अधिकारी ने कहा कि मासूम लड़कों ने पुआल के ढेर में शरण ली।

## सोलर पैनल लगाकर बिजली बिल किया शून्य, पीएम मोदी ने किया आमंत्रित

### शेष 1300 यूनिट बिजली जुस्को को बेच दी।

### अगस्त, 2024 से अब तक इससे 2100 यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन हुआ

**जमशेदपुर।**

परंपरागत बिजली उत्पादन कर कार्बन उत्सर्जन को कम करना और बिजली के मामले में हर घर को आत्मनिर्भर बनाना प्रधानमंत्री का सपना है, जिसे जमशेदपुर के सुशांता कुमार भट्टाचार्य और सरायकेला-खरसावां जिला निवासी मनोज कुमार शर्मा ने साकार किया है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत इन्होंने अपने घर की छत पर पांच-पांच किलोवाट का सोलर पैनल स्थापित किया। ऐसा कर दोनों जहां बिजली बिल के झंझट से पूरी तरह मुक्त हो चुके हैं, वहीं उन्होंने बिजली बेचने की शुरूआत भी कर दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस पहल के लिए दोनों की न सिर्फ सराहना की है, बल्कि दिल्ली में 26 जनवरी को प्रस्तावित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया है। पैनल स्थापित करने में दोनों को क्रमशः 3.25-3.25 लाख रुपये की लागत आई, जिसमें उन्हें 78-78 हजार रुपये का अनुदान मिला। बताते चलें कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत देश में कितने उपभोक्ताओं ने अपना मीटर नेट जीरो किया है। ऊर्जा मंत्रालय ने देश के सभी डिस्कॉम (बिजली वितरण कंपनी) से इसकी सूची मांगी थी। इसमें टाटा स्टील से सुशांता व टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (पूर्व में जुस्को) से इनका नाम प्रस्तावित किया गया था।



## संपादक की कलम से

### महिला स्कीमों पर भरोसा

हालिया अध्ययन ने बताया है कि जिन राज्यों में महिला केंद्रित योजनाएं लागू हुई हैं, वहां महिलाओं के वोट प्रतिशत में काफी वृद्धि हुई है। यही वजह है कि अब हर चुनाव से पहले महिलाओं को लुभाने की कवायद हर राजनीतिक दल करने लगता है। पिछले दिनों मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड में इन लोकलुभावन योजनाओं ने सरकारों की सत्ता में फिर वापसी सुनिश्चित की है। निष्कर्ष में कहा जा सकता है कि जब किसी राज्य में महिलाओं का विकास होता है तो वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति अधिक सजग हुई हैं। उन्हें सरकारों की मुफ्त की स्कीमें भी खूब लुभा रही हैं। हाल ही में एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि महिला केंद्रित योजना लागू करने वाले राज्यों की संख्या 19 हो गई है। जिसमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, असम व कर्नाटक जैसे राज्य अग्रणी हैं। इन राज्यों में औसतन 7.8 लाख (कुल 1.5 करोड़) महिला वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। वहीं दूसरी ओर जिन राज्यों में महिला केंद्रित योजनाओं पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया, वहां महिला वोटरों की औसत संख्या में कम इजाफा हुआ है। निर्विवाद रूप से विभिन्न चुनावों में लगातार महिला वोटरों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। यहां तक कि किसी भी राजनीतिक दल की जीत या हार में उनकी निर्णायक भूमिका साफ नजर आ रही है। शोध अध्ययन बताता है कि वर्ष 2019 के आम चुनाव के मुकाबले वर्ष 2024 में 1.8 करोड़ अधिक महिला वोटरों ने मतदान किया। ये आंकड़ा पिछले दिनों देश के चुनाव आयोग ने जारी किया। दूसरी ओर एसबीआई के शोध ने उन कारणों का विश्लेषण किया जो महिला वोटरों की संख्या बढ़ाने में सहायक बने। एसबीआई की रिपोर्ट बताती है कि प्रधानमंत्री जनधन योजना और मुद्रा खाता खोलने का असर साफ दिखा। साथ ही यह भी निष्कर्ष दिया कि उन राज्यों में महिलाओं की लोकतांत्रिक प्रकिया में भागीदारी बढ़ी है जहां महिला केंद्रित योजनाएं अस्तित्व में आई हैं। वहीं अध्ययन खुलासा करता है कि महिला साक्षरता में वृद्धि का सीधा संबंध महिला वोटरों की संख्या बढ़ने से है। महिला साक्षरता में एक फीसदी की वृद्धि से महिला वोटरों की संख्या में पच्चीस फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार साक्षरता में वृद्धि से तीस लाख अतिरिक्त महिलाओं ने वोट डाले। इसी तरह जहां पीएम आवास योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी हुई, वहां भी महिला वोटरों की संख्या बढ़ी है। दिलचस्प पहलू यह भी कि एससी और एसटी वर्ग में वोटिंग में लगातार इजाफा हुआ, वहीं सामान्य वर्ग में कम हुआ। पिछले दस वर्षों में जिन नौ करोड़ नये वोटरों ने वोट दिया।



**ललित शर्मा**
संपादक

**उदय किशोर साह**



हलचल

कविता

गुमसुम तेरी आँखों की हलचल
कर देती है दिल को घायल
छन छन बजती जब तेरी पायल
मैं तेरा प्रेमी हो जाता हूँ पागल

वो पीपल की छाँव थी सुहानी
जहाँ लिखे थे हम अपनी प्रेमकहानी
गाँव जवार में थी हर एक की जुवानी
शर्मसार हो गई थी मेरी नानी

चंचल थी वो किरणों का साया
अंबर से उतरे थे अपनी दो काया
इस जीवन में तुमको मैं आज पाया
हर जन्म में हूँ मैं साथ निभाया

अखबारों में छ्पी थी अपन कहानी
बच्चे बुढ़े की थी चर्चा मेरी जॉनी
जैसे दरिया में है संग संग पानी
बने रहेगें हर जन्म में हम दो दीवानी

फिजां में घोल दो कोई ढेर सारे भंग
रंग दो प्रेम रंग में हमें संग संग
जमाना देख हो जाये तब दंग
जीने मरने के वादे बन जाये छ्न्द

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# ताकि बची रहे सांस्कृतिक बहुलता



बीसवीं सदी के भाषा दार्शनिकों में लुडविग विट्गेंश्टाइन का नाम गंभीरता से लिया जाता है। लुडविग ने भाषा को लेकर अनोखी बात कही है, ह्यमेरी भाषा की सीमा का अर्थ है, मेरी दुनिया की चौहद्दी।ह्व इसका साफ मतलब यह है कि हर व्यक्ति की अपनी भाषा दरअसल उसकी दुनिया होती है। ऐसी दुनिया, जिसमें सिर्फ भूगोल ही शामिल नहीं है, इतिहास भी है और संस्कृति भी, जिसमें परंपरा भी शामिल है और सदियों का अपना एक्सक्लूसिव ज्ञान भी। जिस तरह नदियां अपने उद्गम और अपने प्रवाह वाले इलाकों की पूरी संस्कृति और पर्यावरण के अथाह गुणों को खुद में समोए रहती हैं, भाषाएं भी नदी की भांति ही अपनी परंपरा, अपनी सोच, अपने दर्शन, अपने भूगोल और अपने इतिहास के साथ ही समूची संस्कृति को लेकर प्रवाहित होती रही हैं।

यहां सवाल उठ सकता है कि भाषाओं को लेकर ऐसी बातों का संदर्भ क्या है? दरअसल संयुक्त राष्ट्र संघ के संगठन यूनेस्को ने भाषाओं को लेकर जो ताजा रिपोर्ट जारी की है, उसमें कहा गया है कि हर दो हफ्ते बाद दुनिया की एक भाषा मर रही है। यूनेस्को के अनुसार, पहले जहां हर तीन महीने के अंतराल पर एक भाषा की मौत की खबर आती थी, वहीं साल 2019 के बाद इस गति में तेजी आई है। यूनेस्को के मुताबिक, इस दर से हर साल दुनिया से करीब नौ भाषाओं का अस्तित्व खत्म होते जा रहा है। साफ है कि अगर एक भाषा मर रही है तो दरअसल उस भाषा की अपनी विशिष्ट संस्कृति, उसकी अपनी सोच और उसका अपना परिवेशबोध मर रहा है। इन अर्थों में देखें तो भाषाओं का इस तरह मरते जाना दरअसल संस्कृतियों के बहुलवादी स्वरूप का संकुचित होते जाना है।

यूनेस्को के अनुसार साल एक हजार ईस्वी तक दुनियाभर में नौ हजार से कुछ ज्यादा भाषाएं अस्तित्व में थीं। जिनकी संख्या घटते-घटते आज सात हजार के आसपास सिमट गई है। यूनेस्को को आशंका है कि भाषाओं के मरने की यही दर बनी रही तो 21वीं सदी के अंत तक दुनियाभर की करीब तीन हजार भाषाओं का अस्तित्व खत्म हो चुका होगा। भाषाओं के जानकारों के अनुसार, यूनेस्को का यह आकलन उम्मीदों से भरा है। जबकि पश्चिम के कई भाषा और मानवशास्त्री मानते हैं कि अगर भाषाओं के मरने की गति ऐसी ही रही तो साल 2200 ईस्वी तक दुनियाभर में महज 100 भाषाएं ही जीवित रह पाएंगी। भाषाओं के लुप्त होने को लेकर भारत में एक अवधारणा यह है कि जो भाषा क्लिष्ट या कठिन होती जाती है, वह लोकव्यवहार में खत्म होते जाती है। संस्कृत भाषा के बारे में नहीं कह सकते कि वह खत्म हो चुकी है, लेकिन उसका चलन घट गया है। एक खास धारा की वैचारिकी और भाषा दार्शनिक संस्कृत के चलन से बाहर होने के लिए उसके गंभीर होते जाने का उदाहरण देते हुए भाषाओं के लुप्त होने का सिद्धांत गढ़ते रहे हैं। लेकिन क्या सचमुच भाषाएं सिर्फ इसी वजह से खत्म हो रही हैं कि वे क्लिष्ट या कठिन होती जा रही हैं? आधुनिक संदर्भों में देखें तो यह तर्क सही नहीं लगता। अंग्रेजी को ही लीजिए। कठिन अंग्रेजी बोलना शान का प्रतीक माना जाता है। इस लिहाज से तो उसे भी चलन से दूर होना चाहिए था। लेकिन उलटे वह बढ़ रही है।

> यहां सवाल उठ सकता है कि भाषाओं को लेकर ऐसी बातों का संदर्भ क्या है? दरअसल संयुक्त राष्ट्र संघ के संगठन यूनेस्को ने भाषाओं को लेकर जो ताजा रिपोर्ट जारी की है, उसमें कहा गया है कि हर दो हफ्ते बाद दुनिया की एक भाषा मर रही है।

आधुनिक विश्व में सबसे बेहतरीन व्यवस्था लोकतंत्र को माना जा रहा है। लेकिन यह लोकतंत्र सिर्फ राजनीतिक संदर्भों तक ही सिमटता जा रहा है। विश्व ग्राम में बदली दुनिया में हर देश में एकरूपता बढ़ती जा रही है। संस्कृतियां और उनकी अपनी विशिष्ट परंपराएं रोजाना के व्यवहार का विषय नहीं रहीं। उदारीकरण और वैश्वीकरण की वजह से पूरी दुनिया तकरीबन एक तरह से खानपान, एक तरह के पहनावे और एक तरह की भाषा की ओर आकर्षित होती जा रही है। पश्चिमी सभ्यता और उसका सलीका ही मानक बनते जा रहे हैं। इस लिहाज दुनियाभर की बोलियों में भी एकरूपता कभी सायासिक, तो कभी अनायास ही होती जा रही है। इस पूरी प्रक्रिया में छोटे समुदायों की भाषाएं लगातार किनारे होते जा रही हैं। चूंकि रोजी और रोजगार के लिए छोटे समुदायों की भाषाएं सहयोगी नहीं रह पाई हैं तो उनका चलन रोजाना की जिंदगी से कम होता जा रहा है और भाषाएं मर रही हैं। इसमें हर देश की अपनी केंद्रीय भाषा जहां केंद्रीय भूमिका में हैं, वहीं उसके देसज रूप लगातार या तो कमजोर हुए हैं या फिर लुप्त हो रहे हैं। कथित आधुनिक सोच इस प्रवृत्ति को और बढ़ावा दे रही है। भारत में अंग्रेजी इस आधुनिकता की वाहक है। इसी तरह कुछ प्रमुख भाषाएं अपने-अपने क्षेत्रों में आधुनिकता का केंद्रीय तत्व बन चुकी हैं।

इस पूरी प्रक्रिया में बहुत ऐसी भाषाएं हैं, जो इतने कम लोगों द्वारा बोली जाती हैं कि निकट भविष्य में उनका अस्तित्व ही नहीं रहेगा। यूनेस्को की रिपोर्ट ह्यएटलस-लुप्तप्राय भाषाएंह्व के अनुसार भारत में तीन ऐसी भाषाएं हैं, जिनके अस्तित्व पर संकट आ खड़ा हुआ है। इसमें पहले नंबर पर कर्नाटक की कोरगा है, जिसे बोलने वालों की संख्या महज सोलह हजार ही है। इसी तरह हिमाचल प्रदेश की सिरमौरी भाषा है, जिसे महज 31 हजार लोग ही बोलते हैं। इस सूची में तीसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ की पारजी भाषा है, जिसे सिर्फ पचास हजार लोग बोल रहे हैं। जाहिर है कि इन भाषाओं के अस्तित्व पर संकट आ खड़ा हुआ है। एकीकरण के दौर में रोहिंग्या लोगों की भाषा हनीफी पर मरने के कगार पर है। यूरोप में ऐसे ही अस्तित्व के संकट से आयरिश, सिसिली और यिडिश भाषाएं भी जूझ रही हैं।

हमें याद रखना चाहिए कि भाषाओं की गहन विविधता सांस्कृतिक विविधता को ना सिर्फ सुनिश्चित करती है, बल्कि अपने क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को आकार देती है। अगर आज के दौर में किसी भाषा को पीछे धकेला जा रहा है या किनारे किया जा रहा है तो इसका मतलब यह भी है कि इसके जरिए एक तरह से उस भाषा विशेष के इलाके की संस्कृति का हिस्सा भी गायब हो रहा है। हर संस्कृति में सबकुछ लिखने की क्षमता नहीं होती, उसके कई तत्व श्रुति, स्मृति और चलन के सहारे जिंदा रहते हैं। भाषा के मरने के बाद संस्कृति का यह अलिखा हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो जाता है। इसलिए जरूरी है कि हम अपनी भाषाओं को जिंदा रखें। भाषाओं को जिंदा रखने के लिए स्थानीय स्तर पर कोशिशें भी हो रही हैं। चीन ने अपनी पुरानी मंदारिन को संरक्षित करने के लिए अभियान चला रखा है। नाइजीरिया अपनी भाषाओं को वाचिक रूप में बचाए रखने के लिए रिकॉर्ड करने का सहारा ले रहा है। भारत में भी कई लोग अपनी बोलियों के लिए ऐसी कोशिशें कर रहे हैं। मरती हुई भाषाओं के लिए व्यक्तिगत की बजाय सामूहिक कोशिशें होनी चाहिए।

भाषाएं क्यों जरूरी हैं, इसे हमें अमेरिकी नारी वादी रीटा मे ब्राउन के शब्दों में समझ सकते हैं। रीटा कहती हैं, ह्यभाषा किसी भी संस्कृति का रोडमैप होती है। वह आपको बताती है कि इसे बोलने वाले लोग कहां से आते हैं और कहां जा रहे हैं। **-उमेश चतुर्वेदी**

# गायब होती बेटियाँ: आखिर किसकी बन रहीं शिकार

**वेलकम इंडिया**

भारत में बेटियों की सुरक्षा हमेशा से ही सबसे गंभीर मुद्दा रहा है। इसे लेकर कई कानून भी बनाए गए हैं, लेकिन बावजूद इसके देश में लड़कियों के लापता होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार के अनुसार भारत में पिछले दो साल के बीच 15.13 लाख से ज्यादा लड़कियाँ और महिलाएँ लापता हुईं हैं। अब ये महिलाएँ कहाँ गई, इनके साथ क्या हुआ, इसके बारे में किसी को कुछ भी नहीं पता है। इन लापता लड़कियों में 18 साल से कम और उससे ज्यादा दोनों उम्र की महिलाएँ शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर रोज 345 लड़कियाँ गायब हो जाती हैं। इनमें 170 लड़कियाँ किडनैप होती हैं, 172 लड़कियाँ लापता होती हैं और लगभग 3 लड़कियों की तस्करी कर दी जाती हैं। इनमें से कुछ लड़कियाँ तो मिल जाती हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लापता, किडनैप और तस्करी की गई लड़कियों का कुछ पता नहीं चलता। इस संख्या की गणना गुमशुदा महिलाओं और लड़कियों के सम्बंध में पुलिस स्टेशनों में दर्ज रिपोर्टों के आधार पर की है।

> लापरवाही या नाकामयाबी, क्यों नहीं ढूँढ पाती पुलिस?

हालांकि सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि असल संख्या अधिक हो सकती है क्योंकि कई परिवार सामाजिक कलंक समेत विभिन्न कारणों से लापता लड़कियों की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते हैं। आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा महिलाएँ मध्य प्रदेश से लापता हुई हैं। एमपी के बाद लिस्ट में दूसरा स्थान बंगाल का है। इन राज्यों के अलावा राजधानी दिल्ली में भी लड़कियों और महिलाओं के गायब होने के कई मामले सामने आए हैं। आंकड़ों की मानें तो केंद्र शासित प्रदेशों में राजधानी दिल्ली इस लिस्ट में सबसे ऊपर है। रिपोर्ट चौंकाने वाली है। जो लड़कियाँ गायब होती हैं, उनमें से अधिकतर का पता नहीं चल पाता कि उनके साथ क्या हुआ है? वे कहाँ गई हैं? लापता होने के पीछे राज क्या हैं? 16 दिसम्बर 2012 को दिल्ली के निर्भया कांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना के बाद महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कई कठोर कानून बनाए गए, लेकिन सवाल ये है कि क्या कानूनों के बनाए जाने के बाद भी देश में महिलाओं की स्थितियाँ सुधरी हैं या महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों में कोई कमी नजर आई है भारत में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा को लेकर कई कानून बनाए गए हैं।




**डॉ. सत्यवान सौरभ, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार भिवानी हरियाणा**

हरियाणा के हिसार में लापता बेटी की खोज में परेशान एक पिता ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने सीएम के पास जाने से रोका तो दंपती ने आत्मदाह करने का प्रयास किया। घटना उस समय हुई जब मुख्यमंत्री का काफिला हिसार दौरे पर था। पिता ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने की कोशिश की। लेकिन मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने उसे समय रहते रोक लिया। गीता कॉलोनी निवासी के अनुसार 29 सितंबर से उसकी 16 साल की बेटी लापता है। थाने में शिकायत देकर गुमशुदगी दर्ज करवा चुके हैं। उसने बताया कि वह गाड़ी चलाता है, बेटी नौवीं कक्षा तक पढ़ी है। बताया कि 29 सितंबर की सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर वह घर से निकली थी। लेकिन लगभग चार माह बाद भी बेटी नहीं मिली। आखिर कहाँ गायब हो जाती है देश की बेटियाँ? क्यों नहीं ढूँढ पाती बेटियों को हमारी पुलिस? इसने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार के तमाम दावों के बावजूद भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराध रुक नहीं रहे हैं। इसका एक मुख्य कारण इस मुद्दे को लेकर सभी राजनीतिक दलों में रुचि की कमी है। **-डॉ सत्यवान सौरभ**

देश में हो रहे यौन अपराध को रोकने के लिए पुराने कानूनों में संशोधन भी किया गया और उसे कठोर भी बनाया गया है। इसके अलावा देश में 12 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ रेप की घटना में दोषी को मृत्युदंड सहित कई कठोर दंडात्मक प्रावधान भी तय किए गए हैं। देश भर में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई पहल की हैं, जिसमें यौन अपराधों के खिलाफ प्रभावी रोकथाम के लिए आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 शामिल है। इसके अलावा, आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2018 को 12 साल से कम उम्र की लड़कियों के बलात्कार के लिए मौत की सजा सहित और भी अधिक कठोर दंड प्रावधानों को-को निर्धारित करने के लिए अधिनियमित किया गया था।

अधिनियम में बलात्कार के मामलों में दो महीने में जांच पूरी करने और आरोप पत्र दाखिल करने और अगले दो महीने में सुनवाई पूरी करने का भी आदेश दिया गया है। सरकार ने आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली शुरू की है, जो सभी आपात स्थितियों के लिए एक अखिल भारतीय, एकल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त नंबर (112) आधारित प्रणाली प्रदान करती है, जिसमें संकटग्रस्त स्थान पर फील्ड संसाधनों को कंप्यूटर सहायता से भेजा जाता है।

स्मार्ट पुलिसिंग और सुरक्षा प्रबंधन में सहायता के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए, पहले चरण में आठ शहरों-अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई में सुरक्षित शहर परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। फिर भी भारत में महिलाएँ आज से 10 साल पहले भी यौन अपराधियों का शिकार बनती रही है और आज भी हालात कुछ बहुत ऐसे ही हैं। देश में छेड़छाड़, अपहरण और दुष्कर्म जैसे मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

सरकार के तमाम दावों के बावजूद भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराध रुक नहीं रहे हैं। इसका एक मुख्य कारण इस मुद्दे को लेकर सभी राजनीतिक दलों में रुचि की कमी है। देश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हर महिलाओं और लड़कियों को कुछ कानूनों के बारे में जानना बेहद जरूरी है। इन कानूनों में राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, महिला सुरक्षा कानून, पॉक्सो एक्ट कानून शामिल है।

# प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत की गई समीक्षा बैठक

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 शासन श्रीमती विजयलक्ष्मी गौतम जी ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्ययोजना की समीक्षा डाक बंगले में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ किया। इस अवसर पर मा0 मा0 विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

मंत्री को समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर द्वारा बताया गया कि सीएम डैश बोर्ड की माह दिसम्बर की रैंक सूची में जनपद का 08वां स्थान है। जिस पर मा0 मंत्री जी द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी एवं समस्त अधिकारियों को अच्छी रैंक के लिए बधाई दिया और कहा कि और अच्छा प्रयास करें कि जनपद सीएम डैश बोर्ड की रैंक सूची में नम्बर 01 पर आ जाए।

मंत्री ने समीक्षा के दौरान सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्र/प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं को सभी सम्बंधित अधिकारी उन पात्र व्यक्तियों तक ससमय पहुचाये जो पात्रता की श्रेणी में आते है और सभी को आवास, पेशन सहित समस्त योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी को लाभ मिले। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि प्रत्येक शुक्रवार को लगने वाले चौपाल में आने वाले प्रार्थना पत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए और उसका ससमय निस्तारण भी किया जाए। पीएम आवास योजना का सर्वे चल रहा है इसको भी प्राथमिकता पर गुणवत्ता पूर्ण सूची तैयार कर ससमय कराया जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाये।

प्रभारी मंत्री द्वारा जनपदवासियों से अपील की गयी है कि सरकार द्वारा चलायी जा रही निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार (आई0टी0ई0) के अन्तर्गत अशासकीय एवं असहायतित मान्यता प्राप्त समस्त बोर्डो से विद्यालयों में प्री-प्राइमरी/कक्षा 01 में 25 प्रतिशत बच्चों का नामांकन शासन के मंशा अनुरूप कराया जाना है। जिसमें मे 02 वर्गो में नामांकन होता है अलाभित समूह एवं दुर्भल वर्ग। अलाभित समुह के अंतर्गत जो भी उम्मीदवार अपने बच्चों का आवेदन प्रस्तुत करेगा, उसके पास एक लाख रुपए से कम वार्षिक आमदनी का प्रमाण पत्र राजस्व विभाग द्वारा जारी होना चाहिए। दुर्बल समूह के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, कैंसर पीड़ित, एचआईवी पीड़ित, दिव्यांगजनों के पाल्या केवल अपने प्रमाण पत्र के आधार पर अपने बच्चों का प्रवेश दिला सकते हैं। प्रवेश हेतु उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट आरटीई 25 पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जनपद में कल 466 विद्यालयों में लगभग 5332 सीटों का आवंटन आरटीई अंतर्गत किया जाना है। जिसमें से 415 बच्चों की प्रथम सूची जिलाधिकारी के अनुमोदनोंप्रांत जारी की गई है। शेष 03 सूची जारी होगी।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर शैलेश कुमार दूबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अजीत चौहान, अधि0अभि0 ग्रामीण अभियन्त्रण शैलेन्द्र चौधरी, तहसीलदार सदर जनार्दन, नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी पौली अर्जित प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी नाथनगर विवेकानन्द, खण्ड विकास अधिकारी बेलहरकला श्वेता वर्मा, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित सम्बंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# कई करोड़ों रुपया की लागत से मेधा ऋषि आश्रम का हो रहा है जीर्णोद्धार का निर्माण

**वेलकम इंडिया**



**अयोध्या।** जनपद अयोध्या के रुदौली विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर पर सुनवा के घने जंगलों स्थित मेघा ऋषि आश्रम का पर्यटन विभाग की ओर लगभग 4करोंड़ रुपया की लागत से आश्रम निर्माण व सुंदरीकरण का कार्य पर्यटन विभाग की ओर से कराया जा है उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की ओर से करोड़ों रुपये की लागत जहां मठ मन्दिरों को सजाने और संवारने का काम हो रहा है वहीं सुनवा के घने जंगलों स्थित मेधा ऋषि आश्रम सौंदर्यीकरण हो रहा है उत्तर प्रदेश की योगी सरकार धार्मिक स्थलों के विकास और सौंदर्यीकरण पर खास ध्यान दे रही है। वहीं यह आश्रम जनपद अयोध्या से 55 किलो दूर पर स्थित है मां कामाख्या धाम व सुनवा के घने जंगलों में है यह आश्रम, मेघा ऋषि आश्रम का वातावरण अब पूरी तरह बदलने वाला है ।वही उत्तर प्रदेश योगी सरकार की पहल से करोड़ों रुपये की लागत से इस धार्मिक स्थल पर सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। जिसमें यज्ञशाला, रैन बसेरा, पार्क व मुख्य द्वारा का निर्माण कार्य चल रहा है वहीं यह विकास कार्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व पर्यटन विभाग के संयोजन से निर्माण कराया जा रहा है निर्माण कार्यों को लेकर इसको कार्यों को बहुत तेजी हो रहा है ओर जल्दी ही निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा वहीं भगवान श्रीराम के प्रथम वर्षगांठ आश्रम पर आज सुंदर कांड के पाठ आयोजन हुआ, और हवन पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया इस मौके पर टस्ट्री सदस्य राम कुमार यादव, नीरज सिंह, अनिल यादव अन्य लोग मौजूद रहे।

# असहाय व गरीबों की मदद करने पर मिलती है मन को शांति: पीके तिवारी



**अमेठी।** अमेठी विकासखंड शुक्ल बाजार अंतर्गत भटमऊ गांव के एक सामान्य परिवार में जन्मे और अपने जीवन का मुख्य आधार असहाय गरीबों की सेवा में समर्पित करते आ रहे। प्रसिद्ध समाजसेवी पीके तिवारी इन दिनों अपनी समाजसेवी कार्य शैली के चलते खूब चर्चा में बने हुए हैं। जहां एक तरफ कोहरा और सर्दी के चलते लोग अपने घर बैठे आग के सहारे अपने शरीर को ठन्ड से बचाने के लिए सोच रहे हैं ।वही पीके तिवारी ठन्ड व कोहरे की चिन्ता किए बगैर गरीबी के निचले पायदान पर खड़े हर उसे व्यक्ति को गांव-गांव जा कर ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण कर रहे है। उपरोक्त विकासखंड स्थित विशंभर पट्टी गाँव मे केवलादेवी पत्नी स्वर्गीय श्यामलाल 62 वर्ष को कंबल वितरण के दौरान श्री तिवारी ने कहा कि गरीब असहाय लोगो की सेवा करने से मन को बडी शांन्ती मिलती। अभी तक जिले के अनेकों गांव में जाकर मैंने करीब तीन सौ कंबल वितरण करने का काम किया है जिससे गरीब व्यक्तियों को ठंड से बचाया जा सके किसी भी व्यक्ति को ठंड की मार न झेलनी पड़े आगे भी यह सेवा जारी रहेगी इस अवसर पर गाँव के तमाम संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

# अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्षा कृष्णा पटेल का जन्मदिन मनाया

**झांसी** ।राजा भईया वर्मा इण्टर कालेज में अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती कृष्णा पटेल का जन्मदिन कार्यकताओं द्वारा खिचड़ी सहभोज का आयोजन कर वितरण किया गया। जिला अध्यक्ष डा. चन्दन पटेल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अपना दल के संस्थापक स्वर्गीय डॉ सोनेलाल पटेल के देहावसान के बाद से कृष्णा पटेल ने किसानों कमेरों के आन्दोलन का नेतृत्व कर रही है। कृष्णा पटेल लगातार डॉ सोनेलाल पटेल के साथ भी देश भर में खासकर उत्तर प्रदेश में सघन दौरा करके गांव गरीब के बीच जाती रहती हैं। कृष्णा पटेल ने जमीनी स्तर पर व्यापक कार्य करते हुए एक बड़ा संगठन खड़ा किया है। उनकी प्रेरणा से वंचितों के हक की लड़ाई लड़ रही है। इस अवसर पर अपना दल कैमराबादी के प्रदेश सचिव जयप्रकाश पटेल, मण्डल अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला अध्यक्ष डा. चन्दन पटेल, जिला महासचिव एड० आलोक सिंह, मनीष पटेल, पुष्पेन्द्र पटेल, रवि बरार, गिरजेश बरार, प्रवेश पटेल नोटा सहित आदि अपना दल कमेरावादी के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का अब साल भर में होगा मात्र पांच दिन का प्रशिक्षण

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों को अब साल भर शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए निदेशालय व अन्य केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। क्योंकि अब राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने एकीकृत शिक्षण-प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किया है। इसमें प्राथमिक स्तर (कक्षा एक से पांच तक) के शिक्षकों को पांच दिन में सभी संबंधित विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि शिक्षक अपना पूरा समय पढ़ाने में लगा सकें। बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों के शिक्षकों के लिए निपुण लक्ष्य, जीवन कौशल, कला एवं संगीत, कक्षा व विद्यालय प्रबंधन, पठन-पाठन आदि से जुड़े प्रशिक्षण दिए जाते रहे हैं। सामान्य रूप से देखा गया है कि कई बार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम साल भर अलग-अलग महीनों में आयोजित किए जाते हैं। फिर भी कुछ शिक्षक इन प्रशिक्षकों से वंचित रह जाते हैं, जिसकी वजह से शिक्षकों को भी निदेशालय व अन्य केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसका सीधा असर परिषदीय विद्यालयों के वांछित व शोषित वर्ग के बच्चों के पठन-पाठन पर पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी ने प्रशिक्षण का नया मॉड्यूल तैयार किया है। जिसमें सभी विषय व बहुमुखी विकास से जुड़े बिंदुओं, नवाचारी शिक्षा, प्रबंधन, एनईपी (नेशनल एजुकेशन पॉलिसी) व निपुण लक्ष्य आदि समाहित किया गया है।

# रामलला के प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर आयोजनों की धूम

- मिल्कीपुर क्षेत्र के कई गांव के ग्रामीणों में वितरित किए गए कंबल
- ग्रामीण विकास एवं समृद्धि पहल संस्थान गोकुला के सौजन्य से आयोजित हो रहा कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया**




**अयोध्या।** श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ द्वादशी के शुभ अवसर पर जिले में विविध कार्यक्रमों एवं आयोजनों की धूम मच गई है, जिसके क्रम में मिल्कीपुर क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत गोकुला में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिसमें भारी संख्या में गरीबों निराश्रितों एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास एवं समृद्धि पहल संस्थान के अध्यक्ष आशुतोष सिंह के द्वारा आयोजित किया गया।

संस्था द्वारा कोरोना काल में भी गरीबों को घर-घर राशन वितरित किया था। संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष विद्यालयों में अध्यनरत नौनिहालों को स्टेशनरी वितरित की जा रही है। इसके अलावा सीलिंग फैन, ट्राई साइकिल, वाटर कूलर वितरित किया जा चुका है। आशुतोष सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन अमेरिका में वैज्ञानिक हमारे चाचा डॉ हरि प्रताप सिंह एवं उनकी पत्नी अर्चना सिंह के मार्गदर्शन में हो रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के गोकुला, पूरे बेचई, पूरे छीटन, बिशनपुर तथा पूरे दोद पाण्डेय गांव में 500 लोगों को कंबल वितरित किया गया है। इस मौके पर सुरेंद्र बहादुर सिंह, सिद्धार्थ आशुतोष सिंह, ईशानी सिंह, राजेश गुप्ता, अजय यादव, लालचंद चौहान सहित सैकड़ो ग्रामीण एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने रचनात्मकता का एक नया अवसर प्रदान किया: प्रो0 गोविन्द

**वेलकम इंडिया**



- अवध विवि में आधुनिक मीडिया में बढ़ता एआई का प्रयोग विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में एमओयू के तहत जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग एवं बचपन एक्सप्रेस, लखनऊ के संयुक्त संयोजन में शनिवार को ह्यआधुनिक मीडिया में बढ़ता एआई का प्रयोगह्य विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 गोविन्द जी पाण्डेय ने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से काफी कुछ सीखा जा सकता है। इसने मीडिया के क्षेत्र में रचनात्मकता का नया अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि चैट जीपीटी से स्किल लेखन का कार्य आसानी से कर सकते है। कार्यक्रम में प्रो0 पाण्डेय ने विद्यार्थियों से कहा कि रोजगार के लिए अपनी स्किल विकसित करनी होगी। इसे खुद से एवं सामुदायिक भागीदारी से सीख सकते है और समाज के लिए काफी कुछ कर सकते है। उन्होंने पत्रकारिता के विद्यार्थियों से कहा कि अच्छा लेखक बनने के लिए निरतंर अभ्यास जरूरी है। नियमित अभ्यास से ही आपमे योग्यता विकसित हो सकती है। कार्यक्रम में प्रो0 गोविन्द जी ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र का काफी विस्तार हुआ है। इसमें यदि अध्ययन का क्षेत्र देखा जाये तो स्नातक सिनेमा अध्ययन एवं बीटेक भी मीडिया संस्थानों द्वारा चलाया जा रहा है। इसलिए मीडिया में शिक्षा का क्षेत्र काफी बड़ा हो गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एमसीजे समन्वयक डॉ0 विजयेन्दु चतुवेर्दी ने कहा कि वर्तमान में ए0आई0 के आने से संभावना के साथ चुनौतियां भी बढ़ी है। इससे निपटने के लिए अपडेट होना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मीडिया के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है। इस क्षेत्र में आने के लिए अपने स्किल को पहचानना होगा। कार्यक्रम में अतिथि का स्वागत विभाग के शिक्षक डॉ0 आरएन पाण्डेय व डॉ0 अनिल कुमार विश्वा द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम भेटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर तन्या सिंह, अभिषेक मिश्र, उत्तम ओझा, सृष्टि त्रिपाठी, अनुश्री यादव, श्रीया श्रीवास्तव, कल्याणी यामिनी, कामिनी चैरसिया, रिसाली गोस्वामी, वन्दिनी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# आरटीई अन्तर्गत नि:शुल्क प्रवेश हेतु 415बच्चो की प्रथम सूची जारी

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम की धारा 12 (1) (ग) के अंतर्गत अशासकीय एवं असहायतित मान्यता प्राप्त समस्त बोर्डो से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्री प्राइमरी /कक्षा एक में 25% बच्चों का नामांकन शासन की मंशा के अनुरूप कराया जाता है। इसमें दो वर्गों में नामांकन होता है। अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग ।अलाभित समुह के अंतर्गत जो भी उम्मीदवार अपने बच्चों का आवेदन प्रस्तुत करेगा उसके पास एक लाख रुपए से कम वार्षिक आमदनी का प्रमाण पत्र राजस्व विभाग द्वारा जारी होना चाहिए ।दुर्बल समूह के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग कैंसर पीड़ित एचआईवी पीड़ित दिव्यांगजनों के पाल्य केवल अपने प्रमाण पत्र के आधार पर अपने बच्चों का प्रवेश दिला सकते हैं। प्रवेश हेतु उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट आरटीई 25 पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के समय बच्चों की एक फोटो उसके निवास का प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र अथवा आय प्रमाण पत्र एक मोबाइल नंबर की आवश्यकता होगी। विद्यालयों की अधिक जानकारी के लिए विकास क्षेत्र में अवस्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अथवा बाल *विकास एवं पुष्टाहार अधिकारी के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। जनपद में कुल 466 विद्यालयों में लगभग 5332 सीटों का आवंटन आर टी ई अंतर्गत किया जाना है। जिसमें से 415 बच्चों की प्रथम सूची जिलाधिकारी के अनुमोदन के पश्चात जारी की गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिन विद्यालय द्वारा लक्ष्यके अनुरूप प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन नहीं कराया जाता है तो निशुल्क अनिवार्य एवं बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत उनके बंद करने की कार्रवाई हेतु प्रस्ताव जिला अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा

# उत्तरायणी मेले में पर्वतीय संस्कृति का दिखाया गया अद्भुत नजारा

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** पर्वतीय संस्कृति के जलवे बिखेरते हुए संगीत की धुन पर लोक नृत्य करते युवा कलाकारों के लिए उत्तरायणी मेले में हर प्रस्तुति के बाद दर्शकों ने न केवल तालियां बजाई, बल्कि उनके दिलों में भी पहाड़ की संस्कृति के लिए एक अलग स्थान बना दिया, जिससे वह जुड़ते चले गए। शनिवार को महीने का दूसरा शनिवार होने के कारण जिले के तमाम सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारी व अधिकारियों के साथ बरेली जोन के आईजी डॉ राकेश सिंह भी इस पर्वतीय संस्कृति को जानने और देखने के लिए उत्तरायणी मेले पहुंचे।

मेला परिसर में मंच पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों का दौर गुरुवार और शुक्रवार देर शाम तक चलता रहा। हालांकि शनिवार को इस मेले का समापन होना था इस लिए मेला कमेटी द्वारा बरेली वासियों को देवभूमि के दर्शन कराने के लिए अगले वर्ष फिर आने का वादा कर उत्तरायणी मेला कमेटी ने विदा ली। उत्तरायणी जनकल्याण समिति की ओर से चल रहे इस उत्तरायणी मेले का शुभारंभ गुरुवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया था। जो शनिवार को भी बड़े ही धूमधाम से संचालित किया गया, इसमें भारी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर पर्वतीय संस्कृति एवं उनकी सांस्कृतिक धरोहर, कला, संगीत, नृत्य और खानपान को नजदीक से जाना।

## पर्वतीय औषधियों की हुई जमकर बिक्री

इस उत्तरायणी मेले में पर्वतीय औषधियों ओर पहाड़ की बनी हुई विभिन्न सामग्रियों को खरीदने के लिए शनिवार को भी जिले के हर कोने से भीड़ उमडती दिखाई देती रही। उत्तराखंड का बांस का अचार, हल्दी, लहसुन, आम, मशरूम, मिक्स हरी मिर्च, कटहल, नींबू, आंवला, करौंदा और गलगल के अचार के साथ मडुवा का आटा, चिप्स, भुजिया, गहत की दाल, भट की नमकीन लोगों को खूब पसंद की आई।

## बाल मिठाई ने भी मचाई धूम

पर्वतीय संस्कृति से जुड़ी हुई उत्तराखंड की मशहूर बाल मिठाई का लोगों को खास इंतजार रहता है जब लोग पहाड़ों पर पर्यटन या धार्मिक यात्रा के लिए जाते हैं तब सबसे ज्यादा पसंद किये जाने वाली बाल मिठाई को लोगों ने बरेली के उत्तरायणी मेले से जमकर खरीदा। इसके साथ ही चॉकलेट व मडुवे की सोनपपड़ी की भी लोगों ने खूब खरीदारी की। इसके आलावा रजाई, कंबल, चादर, कोट, हाफ जैकेट फुल जैकेट के साथ ग्लव्स मफलर और जूते की खूब खरीदारी की।



# प्राचीन शिव मंदिर में अयोध्या धाम से पधारे गोपालानन्द महाराज, भव्य रामकथा का हो रहा है आयोजन

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** सीबीगंज के रामपुर रोड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में अयोध्या धाम से पधारे गोपालानंद जी महाराज द्वारा भव्य रामकथा का आयोजन का शनिवार को दूसरा दिन रहा, इससे पहले शुक्रवार को प्राचीन शिव मंदिर से ढोल नगाड़ों के साथ संपूर्ण सीबीगंज कस्बा क्षेत्र में कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान मंदिर कमेटी अध्यक्ष पंडित हरिओम शर्मा ने बताया है कि मंदिर में रामकथा के आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पीले वस्त्र पहनकर कलश यात्रा में प्रतिभाग किया।

इस कलश यात्रा का सीबीगंज के विभिन्न मार्गों से भ्रमण कराते हुए प्राचीन शिव मंदिर पर समापन किया गया। ये भव्य रामकथा आगामी 16 जनवरी तक आयोजित की जाएगी, इस रामकथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक एवं शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस रामकथा को सुनने के लिए सीबीगंज क्षेत्र के अतिरिक्त बरेली शहर के साथ आसपास गांवों से भी भारी संख्या में भक्तजन उपस्थित हो रहे हैं। आम जनमानस से अपील है कि इस रामकथा को सुनकर वह भी श्रीराम के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा प्राप्त करें। अयोध्या से पधारे गोपालानन्द महाराज जी की भव्य रामकथा आनंदित एवं रोम रोम में राम बसाने वाली है, इस मौके पर मुख्य रूप से जागन लाल प्रजापति, रमन गुप्ता, अनिल चौधरी, संतोष बाबू गंगवार, दयाराम, अमरपाल, नूतन सिंह, हरिओम गुप्ता, मुन्नी देवी शर्मा, रेशमवती, सपना सिंह, ज्योति गुप्ता, सुनीता गुप्ता, निर्मला, लता सक्सेना, नीतू सिंह, सविता, आशा का सहयोग रामकथा करने आई अयोध्या जी की टीम को मिल रहा है।

# चकबन्दी अधीन गांव के असन्तुष्ट किसान हाईकोर्ट के दरवाजे पर देगे दस्तक

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** लालगन्ज तहसील अन्तर्गत धारा चार के प्रकाशन के बाद किसान खुश थे लेकिन चकबन्दी सी ओ की ग्राम चौपाल की सुनवाई के तरीके और चकबन्दी समिति के अध्यक्ष और सदस्यो की लापरवाही से नाराज किसानो ने उच्च न्यायालय मे दस्तक दे चकबन्दी प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी रूप से कराने की अपील करने का फैसला किया है ।

तहसील लालगन्ज के पूरे बीरबल ग्राम सभा के चकबन्दी प्रक्रिया नववे चरण को पार करने के करीब है । चकबन्दी सी ओ ग्राम चौपाल लगा चकबन्दी के विषयक पूरे निर्मल गिरधर राजस्व गाव के ग्रामीण ? की समस्याएं सुन रहे है । लेकिन चकबन्दी सी ओ की सुनवाई के तरीके जिसमे लेखपाल फाईल खोल नाम पुकारता है और फाईल को सी ओ साहब की टेबल पर रखता है लेकिन सी ओ साहब सही तरीके से समस्याओ को सुनने के बजाय किसान से उस पर दस्तखत करा लेखपाल से समेटने को बोल देते है ।

किसान कहते है अनुप्रकार पाच उन्हे मिले है जब उसे ले वो सी ओ साहब के की गाव की अदालत मे पहुचते है तो सी ओ साहब कभी तो दोनो पक्षो को सुनते है कभी एक पक्ष को ही सुन फाइल समेट देते है और दूसरा पक्ष बस देखता रह जाता है । किसानो का कहना है सी ओ साहब से बेहतर तो लेखपाल है जो कम से कम बात तो सबकी सुनता है । किसान ?कहते है स ? ओ साहब अधिक जमीन या मतरूक के विषय मे आयी फाइलो पर कुछ ?से दस्तावेज किसानो से लाने को कहते है जो तत्काल ला पाना सभव नही है । जबकि यदि चकबन्दी कर्मी उसी दस्तावेज को चाहे तो तहसील से आसानी से ला सकते है । ?से मे क्या चकबन्दी सिर्फ किसानो को परेशान करने के लिए है ।

जनसुनवाई पोर्टल की शिकायत पर सी ओ ने दी गलत आख्या :- पूर्व प्रधानपति प्रमोद पाष्डेय कहते है चकबन्दी समिति के गठन तथा जनहित के लिए आरक्षित होने वाली जमीन के विषय मे चकबन्दी कर्मियो गे गोल मोल जवाब से परेशान हो उन्होने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की तो चकबन्दी सी ओ ने किसान चौपाल मे चकबन्दी सम्बन्धी सुनवाई के दौरान ?मुझे बुलाया और किसी से फोटो मोबाइल मे कैद करा ली और अपनी आख्या रिपोर्ट फोटो सग भेज दी । जो जनसुनवाई पोर्टल और मेरे साथ धोखा है ।क्योकि सी ओ साहब ने तो जनसुनवाई पोर्टल पर मेरी शिकायत के विषय मे बात भी नही की थी । प्रमोद पाण्डेय ने कहा ताज्जुब तो तब और ज्यादा हुआ जब गाव के ही किसान सत्यनारायण मिश्रा को गवाह बताते हुए सी ओ साहब ने अपनी आख्या लगा दी और जब सत्य नारायण मिश्रा से बात हुई तो उन्होने कहा कि मुझे तो पता ही नही फिर पोर्टल पर मेरे नाम और मोबाइल नम्बर का उल्लेख सी ओ साहब ने कैसे कर दिया आखिर सी ओ साहब हम ग्रामीण जनो को आपस मे क्यो लडाना चाहते है ।

## अकबरपुर शेरगढ़ मार्ग के चौड़ीकरण में हो रही धांधलेबाजी

**मथुरा/चौमुहां।** अकबरपुर शेरगढ़ पर हो रहे चौड़ीकरण में ग्रामीणों ने धांधलेबाजी करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने कहीं 8 मीटर तो कहीं से 9 मीटर चौड़ीकरण करने का आरोप लगाया है। अकबरपुर से शेरगढ़ तक मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। पिछले एक दशक से अधिक समय से मार्ग क्षतिग्रस्त था। जिससे राहगीरो को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता था। मार्ग से दर्जन भर से अधिक गांव जुड़े हुए हैं। इसके साथ ही बाहर से आने वाले पर्यटक एक्सप्रेसवे से होते हुए इसी मार्ग से राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचते हैं। ग्रामीण देशराज सिंह ने ठेकेदार पर चौड़ीकरण में पक्षपात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ठेकेदार ने अपने चहेतों के घर के आगे कम चौड़ीकरण किया है। असमानता के साथ मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही मदन मोहनदास ने लोक निर्माण विभाग पर चौड़ीकरण में हो रहे जलभराव की निकासी न कराए जाने का भी आरोप लगाया है।

# राष्ट्रीय हिंदी साहित्य संस्थान का पुस्तक लोकार्पण, सम्मान व कवि सम्मेलन सम्पन्न



**वेलकम इंडिया/डॉ.शंभू पंवार**

**नई दिल्ली।** 11 जनवरी ।राष्ट्रीय हिंदी साहित्य बहुउद्देशीय संस्थान एवं हंसराज कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में साहित्य सृजन समान एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

हंसराज कॉलेज की प्राचार्य डॉ.रमा के सानिध्य एवं डॉ.रवि कुमार गौड़ के संयोजन में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नामदेव महाराज हरड़,व अतिविशिष्ट अतिथि जयराम पलसानिया,(राष्ट्रीय अध्यक्ष, सरपंच संघ), और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेम साहू (राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सरपंच संघ), मीनची सुंदरम,अजय भाटिया (सीनियर सुप्रिटेंडेंट तिहाड़ जेल दिल्ली), डॉ. पुष्पलता भट्ट पुष्प, अरुणा गोफने (समाजसेविका महाराष्ट्र) उपस्थित रहे एवं अध्यक्षता देवा तांबे (संस्थापक अंतराष्ट्रीय पर्यावरण मित्र बहुउद्देशीय संस्थान) ने की।

कार्यक्रम का शानदार संचालन करुणा बांगर ने किया। समारोह में पूनम सिंह जी की 2 पुस्तकोः सफर ज़िंदगी के और तुम्हारे लिए एवं हरिप्रकाश गुप्ता की पुस्तक यादों का सफर का अतिथियों ने लोकार्पण किया।

इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में कवि डॉ.अनूप कुमार ₹एकलव्य₹,हरी प्रकाश गुप्ता सरल ,पूनम सिंह,अल्पी निशांत वार्ष्णेय ,नीरज नयन नायाब, विनोद पाराशर ,डॉ प्रवीन राही, मुकेश आनंद,राजेश रघुबर ,डॉ स्वदेश मल्होत्रा रश्मि ने एक से बढ़ कर एक बेहतरीन रचनाओं की शानदार प्रस्तुति दे कर करके में समा बांध दिया। इस अवसर पर सभी को राष्ट्रीय साहित्य सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया।

# अतरौली तहसील संडीला की रहने वाली कुमारी मैरी लखनऊ से हुई लापता



**लखनऊ।** गुमशुदा लड़की उम्र करीब 22 वर्ष कुमारी मैरी पुत्री सुनील कुमार निवासी भरावन हरदोई थाना अतरौली तहसील संडीला उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। जो की दिनांक 31/12 /2024 सुबह लगभग समय 7:00 बजे लापता हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पता चला कि लखनऊ आशियाना के से लापता हुई लड़की के सभी मिलने वालों एवं रिश्तेदारों से संपर्क किया गया मगर कहीं भी किसी तरह की कोई सूचना या जानकारी न मिलने पर लड़की के परिवार वालों ने इस संबंध में थाना आशियाना लखनऊ में 2 जनवरी 2025 को पुत्री कुमारी मैरी की लापता की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लड़की की मां रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

# जागरूकताः अंजान से ओटीपी न करें साझा

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**

**माल, लखनऊ।** माल ब्लॉक के मवई में स्थित इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक अमित कुमार वर्मा ने ₹स्वतंत्र प्रभात₹ की टीम से खास बातचीत में साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की।

आपको बता दें कि शाखा प्रबंधक अमित कुमार वर्मा ने जागरूक करते हुए बताया कि ओटीपी किसी अनजान से नहीं करें शेयर कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए सतर्कता है जरूरी। विस्तार पूर्वक सतर्कता जागरूकता अभियान संबंधित जानकारी दी। इस दौरान शाखा प्रबंधक ने कहा कि बैंक संबंधित कार्यों में सतर्कता जरूरी है। कहा कि ओटीपी कोई अंजान व्यक्ति से शेयर न करें । आज के दौर में साइबर अपराध के मामले आए दिन आते रहते हैं ।बैंक के मामले में सतर्कता बहुत जरूरी है ताकि कोई भी व्यक्ति ठगी का शिकार न हो।



■ शाखा प्रबंधक ने स्वतंत्र प्रभात की टीम से खास बातचीत में लोगों को किया जागरूक

**ऐसे लोगों से बचें:** शाखा प्रबंधक अमित कुमार वर्मा ने बातचीत में यह भी बताया कि अगर ऐसे फोन हैलो... मैं बैंक से बोल रहा हूं, आपके बैंक की कुछ गोपनीय जानकारी चाहिए अन्यथा आपका खाता और एटीएम बंद हो जाएगा...। इस तरह मोबाइल पर यदि सुरीली आवाज में फोन आए तो तत्काल सतर्क हो जाएं, क्योंकि कोई भी बैंक अधिकारी अपने ग्राहकों से गोपनीय जानकारी फोन पर नहीं मांगते हैं। ये शातिर ठग हैं। जो अपनी मधुर आवाज से भोले भाले लोगों से गोपनीय जानकारी उगलवा लेते हैं। कुछ लोग ठगों के झांसे में आ कर आसानी से उन्हें गोपनीय जानकारी शेयर कर देते हैं। जानकारी लीक होते ही उनके खाते से रुपये गायब हो जाते हैं।

### जानकारी रखें गुप्त

शाखा प्रबंधक अमित कुमार वर्मा ने कहा कि कभी भी इस तरह के फोन आपके मोबाइल पर आएं तो उन्हें कतई अपनी गोपनीय जानकारी ना दें। कुछ परेशानी वे बताएं तो सीधे अपने बैंक से इस संबंध में संपर्क करें ताकि साइबर ठग आपकी जानकारी का फायदा ना उठा सके।

## ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित हुई

**झांसी।** पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन और आल इंडिया पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के पदाधिकारीओ द्वारा प्रस्तावित बैठक की रुपरेखा और कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए रानी झांसी पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह सेंगर की अध्यक्षता में प्रकाश रीजेंसी में बैठक और प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया रानी झांसी पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह सेंगर द्वारा ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के पधारे हुए सदस्यों का परिचय कराया गया तदोपरान्त 12-01-25 को होने वाली संगोष्ठी की रूपरेखा और कार्यक्रम की जानकारी प्रेस को दी गई। जिसके अनुसार होने वाली बैठक में ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलरो के हित में आवाज उठाने के लिए राष्ट्रीय संगठन के निर्माण की घोषणा, उसकी संरचना, पदाधिकारियों के चयन के साथ ही डीलर कमीशन, तेल कंपनियों द्वारा डीलरों के उत्पीड़न के लिए बनाई गई।

# विभागीय उदासीनता से शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान अब तक नहीं : अमित पाण्डेय

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी।** वाराणसी दिनांक 10 जनवरी को लोहता स्थित जे एन मेमोरियल स्कूल में स्कूल कल्याण एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई, बैठक में विचार व्यक्त करते हुए स्कूल कल्याण एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उदासीनता से मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ रहे अलाभित समूह और दुर्बल आय वर्ग के बच्चो को सरकार द्वारा दी जाने वाली सहयोग राशि और स्कूलों की शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान अब तक नहीं हो पाया। अमित पाण्डेय ने बताया कि उत्तरप्रदेश की आदरणीय योगी जी की सरकार ने गरीब बच्चों की शिक्षा एवं गरीब परिवारों की चिंता करते हुए फरवरी 2024 में सरकार द्वारा पेश किए गए आम बजट में अनुदान संख्या 071 /2024/2025 शिक्षा विभाग - प्राथमिक शिक्षा के लेखा शीर्ष 3104 द्वारा बच्चो की सहायता हेतु 27314.75 लाख रुपए और लेखा शीर्ष 3105 द्वारा 29499.33 लाख रुपए का प्रावधान करके गरीब बच्चों के शिक्षा की व्यस्था की है, किंतु शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारियों की उदासीनता से बजट उपलब्ध होने के बावजूद भी अब तक न ही बच्चों को सहायता राशि मिल पाई, न ही विद्यालयों को शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान हो पाया। अमित पाण्डेय ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ रहे गरीब बच्चों की शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान अन्य राज्यो में वर्ष में दो बार किया जाता है साथ की शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि लगभग 2000 रुपए प्रतिमाह की दर से भुगतान किया जा रह रहा है जबकि उत्तरप्रदेश में यह धनराशि 450 रुपए की दर से दी जाती है वह भी समय से नहीं।

## एक जला हुआ दीप हजारों बुझे हुए दीपकों को प्रज्ज्वलित कर देता हैंः मुनिश्री विलोकसागर

**झांसी।** जहां एक ओर कम्बलों और स्वेटरों में देह कांपती हो वहीं दूसरी ओर हाड़ कंपा देने वाली प्रातः काल की इस भीषण सर्दी में वीरभूमि झांसी नगर में त्याग और तपस्या के अद्भुत उदाहरण दिगम्बर जैन मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज एवं मुनिश्री विबोधसागर जी महाराज का जैन तीर्थ करगुँवाजी से चलकर शहर क्षेत्र के कटरा मौहल्ला स्थित श्री अतिशयकारी पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आगमन हुआ। मुनिसंघ के आगमन पर हर्षित जैन समाज के श्रावक-श्राविकाओं ने जगह जगह घरों व प्रतिष्ठान के बाहर रंगोली बनाकर पाद प्रक्षालन कर आरती उतारी। इस अवसर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री विलोकसागर जी महाराज ने अपनी दिव्यवाणी में कहा कि एक जला हुआ दीप हजारों बुझे हुए दीपकों को प्रज्ज्वलित कर देता है उसी प्रकार संत मुनि हजारों लोगों का कल्याण कर देते हैं। धर्मसभा में मंगलाचरण सौरभ जैन (बैंक) ने किया।

# राम ही रचयिता, राम ही गौरव, राम ही सृष्टि राम ही आदर्श, राम ही तारणहार : गजेंद्र सलूजा

**वेलकम इंडिया**

**हरियाणा/हिसार।** प्रथम राम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र कुमार सलूजा कृष्ण पूरा सदानंद मार्केट के सदस्यों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की और प्रभु श्री राम के चरणों में पुष्प भेंट कर माथा टेका। उसके पश्चात प्रथम राम प्राण प्रतिष्ठा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अटूट लंगर में भक्तों को लंगर प्रसाद वितरित किया।

कार्यक्रम के पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा एवं केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भारत सरकार के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने बताया कि आज वे इस विशाल कार्यक्रम में पहुंचे है जिसमें उन्हें सेवा का अवसर भी प्राप्त हुआ सभी मार्केट के सदस्य इस कार्यक्रम के कुशल आयोजन हेतु भी शुभकामनाओं के पात्र है और आज संपूर्ण भारत वर्ष में यह पर्व बड़े हर्षोल्लास में मनाया जा रहा है जिसके लिए सभी हिन्दू सनातनी भी शुभकामनाओं के पात्र है। राम जपने से तर जायेगा ऐसा हम भजनों के माध्यम से एवं बुजुर्गो के माध्यम से सुनते है। सभी देशवासियों से भी अपील है अधिक से अधिक बचपन से ही अपने बच्चों को भक्ति से जोड़े ताकि किसी प्रकार की अशांति एवं दुविधा जीवन में न आए क्योंकि राम ही सभी समस्याओं का समाधान है और आज हम सब भी एकत्र हुए है पिछले वर्ष 2024 में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को पौष शुक्ल द्वादशी के दिन की गई थी। और इस बार 2025 में यह तिथि 11 जनवरी को पड़ रही है। इसलिए यह आज उत्सव मनाया जा रहा है।



# बागपत में प्रयागराज महाकुंभ के पवित्र जल एवं प्रसाद का होगा नि:शुल्क वितरण

**वेलकम इंडिया**




**बागपत, विवेक जैन।** सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था के टी विंग द्वारा बागपत निवासियों के लिए पहली बार प्रयागराज महाकुंभ के जल एवं प्रसाद के वितरण की व्यवस्था की जा रही है। के टी विंग के संस्थापक के टी भैया ने बताया कि बागपत का प्रत्येक निवासी इसे निःशुल्क प्राप्त कर सकता है। इसके लिए के टी विंग द्वारा रजिस्ट्रेशन की मुहिम चलाई जा रही है, जिसे लेकर बागपत में काफी उत्साह दिख रहा है। अब-तक 25 हजार से ज्यादा लोग इसके लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। के टी भैया के साथ के टी विंग की टीम प्रयागराज महाकुंभ जाएगी और वहां से संगम के पवित्र जल और महाकुंभ का प्रसाद लेकर बागपत आएगी।

इस काम का साक्षी बनने और महाकुंभ दर्शन के लिए के टी विंग की टीम अपने साथ बागपत के 50 बुजुर्गों को भी प्रयागराज ले जाएगी। के टी भैया ने कहा कि हमारा प्रयास है कि बागपत के हर घर तक महाकुंभ का पवित्र जल और प्रसाद पहुंचे ताकि जो लोग प्रयागराज महाकुंभ नहीं जा पा रहे हैं उन्हें भी महाकुंभ का पुण्य प्राप्त हो सके।

के टी विंग के संस्थापक के टी भैया ने महाकुंभ के पवित्र जल एवं प्रसाद वितरण की पूरी प्रक्रिया भी बताई। उन्होंने कहा कि प्रयागराज से टैंकर के जरिए जल बागपत पहुंचेगा, फिर एक लीटर पवित्र जल और प्रसाद बैग में पैक किया जाएगा। फिर इन बैग को गाड़ियों द्वारा बागपत के गांवों में पहुंचाया जाएगा, जहां एक स्टाल लगाकर उस गांव में रजिस्ट्रेशन कराने वाले सभी व्यक्तियों को यह वितरित किया जाएगा। के टी भैया ने बताया कि बागपत में फरवरी के दूसरे सप्ताह से महाकुंभ के जल एवं प्रसाद का वितरण शुरू हो जाएगा। के टी भैया ने बताया कि बागपत वासियों को महाकुंभ का पवित्र जल एवं प्रसाद घर तक पहुंचाने के पुण्य कार्य में के टी विंग के कार्यकताओं के साथ-साथ 200 से ज्यादा स्वयंसेवक एवं आशा और आंगनबाड़ी की बहनें भी सहयोग कर रही हैं। इस कार्य को सुचारु रूप से करने के लिए के टी विंग द्वारा एक मिस्ड कॉल ट्रैकिंग सेंटर और रजिस्ट्रेशन के लिए एक खास कॉल सेंटर भी स्थापित किया गया है। नेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत ने संस्था के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए अपने पूर्ण सहयोग की बात कही। प्रेस कॉन्फ्रेंस में के टी भैया, आशीष कंडवाल, हम्बीर सिंह, शक्ति धामा, विशाल चौधरी, महावीर त्यागी आदि मौजूद रहे।

## नॉर्थ ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालय

# वेट लिफ्टिंग पुरुष प्रतियोगिता पंजाब में आयोजित की गई

**वेलकम इंडिया**

**बिजनौर।** नॉर्थ ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालय वेट लिफ्टिंग पुरुष प्रतियोगिता लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय फगवाड़ा पंजाब में आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय से टीम प्रबंधक डॉ योगेंद्र कुमार प्राचार्य हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश भी मेजबानी में शामिल रहेंगे यह प्रतियोगिता दिनांक 11 जनवरी से 12 जनवरी को आयोजित होगी। डॉ योगेंद्र कुमार को विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में अधिकृत किया गया है निर्देशक डॉ अनुज कुमार के निदेर्शानुसार डॉ योगेंद्र कुमार 10 जनवरी को साय 6 बजे लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय पंजाब पहुंचकर प्रतिभागियों की उपस्थिति अंकित कराई। प्रतिभागियों में अमित कुमार हल्दौर डिग्री कॉलेज हल्दौर से वीरपाल व अरविंद मौर्य पीलीभीत से, विकास व अंकित कश्यप बरेली से मानिक चौधरी व प्रियांकुल अमरोहा से, अतुल महेश्वरी सहसवान से, सुशांत निरबाल नहटौर कॉलेज से प्रतिभागी करेंगे।



डॉ योगेंद्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी प्रतिभागी लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय पंजाब विश्वविद्यालय से विजयी होकर अपना, अपने माता-पिता, अपने महाविद्यालय, व अपने विश्वविद्यालय तथा प्रदेश का नाम रोशन करें ऐसी हमारी अभिलाषा और कामना है।

# नवयुक्त चारों मंडल अध्यक्ष पार्टी के लिए समर्पित है : इं कवीश राणा

**वेलकम इंडिया**



**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के चारों मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पर इंजीनियर कवीश राणा ने उन्हें बताई दी। उन्होंने नूरपुर विधानसभा के चारों मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह पार्टी के लिए कठिन परिश्रम करें और संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दें।

भाजपा के वरिष्ठ नेता इंजीनियर कवीश राणा ने नूरपुर विधानसभा से नूरपुर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, गोहावर मंडल अध्यक्ष विनय चौहान, सहसपुर मंडल अध्यक्ष खजान सिंह, मोरना मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी ने जिन चारों नेताओं को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है वे सभी अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ता है उनका लंबा कार्यकाल पार्टी के लिए बेहतर साबित होगा। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों को जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने और समाधान के लिए प्रयास करने का आवाहन किया। उन्होंने भरोसा जाता है कि सभी मंडल अध्यक्ष अपनी जिम्मेदारों का निर्वाह पूरी ईमानदारी और लगन से करेंगे।

# महाकुम्भ मेला को लेकर डीसीपी ने बार्डर पर देखा सुरक्षा व्यवस्था

**वेलकम इंडिया**



**कछवांरोड।** आगामी महाकुम्भ मेला 2025 के दृष्टिगत शनिवार की दोपहर डीसीपी गोमती जोन प्रमोद कुमार व एडीसीपी आकाश पटेल ने मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के गुड़िया बार्डर पर पहुंचकर विश्रामगृह का निरीक्षण कर तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने व हाइवे पर आवागमन हेतु सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत दुर्घटना एवं जाम की स्थिति को रोकने हेतु होटल, ढाबों और वाहन मरम्मत की दुकानों के सामने मार्ग पर अनावश्यक वाहन न खड़ा करने तथा संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग हेतु मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी को दिशा निर्देश दिये।

वही डीसीपी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा और सुविधा के प्रबंधनों की समीक्षा की और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक सुधारों के बारे में निर्देश दिए ।महाकुम्भ जैसे भव्य और महत्वपूर्ण आयोजन के लिए प्रशासन ने पूरी सजगता और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई है। वही थाना प्रभारी द्वारा गुड़िया बार्डर पर बैरिकेटिंग कर के वाराणसी के तरफ से आ रही संदिग्ध चार पहिया वाहनों की चेकिंग किया गया ।इस दौरान चौकी प्रभारी कछवांरोड गनेश प्रसाद पटेल, चौकी प्रभारी करधना रोहित दुबे, एसआई मधुसूदन त्रिपाठी, अतुल शुक्ला, महिला एसआई गोल्डी, अनुजा गोस्वामी समेत दर्जनों पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को कर रहे मजबूत : ब्रजेश पाठक

## 158 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 11 चिकित्सा इकाइयों का डिप्टी सीएम ने किया शिलान्यास एवं लोकार्पण

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 11 जनवरी किसी भी समाज के प्रगति एवं समृद्धि का आधार स्वास्थ्य होता है। हम प्रदेश के स्वास्थ्य के ढांचे को मजबूत कर रहे हैं। पिछली सरकारों ने कोई काम नहीं किया। राज्य के स्वास्थ्य ढांचे में तमाम चुनौतियां थीं लेकिन हमने सभी बाधाओं को सफलतापूर्वक पार करते हुए नई उपलब्धियां प्राप्त कीं। यह कहना डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का उन्होंने शनिवार को इंदिरा नगर स्थित राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में 159 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 11 चिकित्सा इकाइयों का वर्चुअल शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि हम लोग ₹सबल उत्तर प्रदेश, सक्षम उत्तर प्रदेश₹ के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत कर रहे हैं। डिप्टी सीएम ने बताया कि प्रदेश में पूर्व में चिकित्सा उपकेंद्रों पर सिर्फ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध थीं लेकिन अब इन केंद्रों पर हमारी सरकार ने सभी आयु वर्ग के नागरिकों के लिए सेवाएं उपलब्ध कराई हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊजार्वान नेतृत्व में देश में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। प्रदेश के प्रत्येक नागरिक का यूनीक स्वास्थ्य पहचान (आभा) का सजृन किया जा रहा है। आभा के सृजन में देश प्रथम स्थान पर है और अब तक 12.7 करोड़ से अधिक आभा तैयार किए गए हैं। उन्होंने प्रदेश में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी साझा की। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, विधायक ओपी श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा रंजन कुमार, एम०डी०, एन०एच०एम० पिंकी जोएल, महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य रतन पाल सिंह सुमन, निदेशक प्रशासन शिव सहाय, महानिदेशक प्रशिक्षण पवन कुमार अरुण, महानिदेशक, परिवार कल्याण सुषमा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ एनबी सिंह, विशेष सचिव अर्चना वर्मा एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं शिलान्यास

134 करोड़ रुपए की लागत से जनपद महोबा में 200 शैय्यायुक्त चिकित्सालय एवं ट्रॉमा सेंटर के भवन का शिलान्यास, 11 करोड़ रुपए की लागत से महानिदेशक आवासों एवं अधिकारी आवासों के भवन का शिलान्यास, 09 करोड़ रुपए की लागत से जनपद बांदा में जनपदीय ड्रग वेयर हाउस का लोकार्पण, 41 लाख रुपए की लागत से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन कार्यालय का लोकार्पण, 48 लाख रुपए की लागत से जनपद महोबा के पनवाड़ी में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण, 32 लाख रुपए की लागत से जनपद महोबा के कुलपहाड़ में 20 बेडेड वार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण, 32 लाख रुपए की लागात से जनपद महोबा के कबरई में 20 बेडेड वार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण, 32 लाख रुपए की लागत से जनपद महोबा के पनवाड़ी में 20 बेडेड वार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण, 32 लाख रुपए की लागत से जनपद महोबा के चरखारी में 20 बेडेड वार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण, 32 लाख रुपए की लागत से जनपद महोबा के जैतपुर में 20 बेडेड वार्ड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण जिला संयुक्त चिकित्सालय, औरैया में ब्लड बैंक का लोकार्पण।

# विनम्रता और सादगी के अद्वितीय उदाहरण थे भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री



**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** आज भारत रत्न भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि कांग्रेस कार्यालय मानिक चौक में जिला उपाध्यक्ष श्रीमती नीता अग्रवाल की अध्यक्षता में मनाई गई इस अवसर पर प्रदेश सचिव मनीराम कुशवाहा ने कहा कि भारत के लाल लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर हम उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

उन्होंने देश को सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए जय जवान- जय किसान का नारा दिया। सार्वजनिक जीवन में सादगी, विनम्रता और ईमानदारी का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

वर्तमान परिवेश में देश के जवान और किसान को सम्मान देना ही शास्त्री जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी इस अवसर पर अमीरचंद आर्य, शहनाज हुसैन, कांग्रेस सेवादल की महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष इंदिरा रायकवार, अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा शीलू, शिक्षक प्रदोष की प्रदेश महासचिव साइमा नोमान, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मो. शाहिद, उमाचरण वर्मा, प्रशांत वर्मा, बसीमुद्दीन व दयाल दास डोंगरे आदि उपस्थित रहे।

# नवनिर्माण अधीन गंगा एक्सप्रेसवे ओवर ब्रिज के एन एच-9 पर युवक का अधजला शव मिला

**वेलकम इंडिया**



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत खुडलिया और सिखैडा गांव के बीच में निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे फ्लाई ओवर के पास लगभग 32 वर्ष से युवक का अधजला शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप। घटना की सूचना पाकर एसपी कुमार ज्ञानेंजय सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए घटना का खुलासा करने को लेकर टीम गठित कर दिए सख्त दिशा निर्देश।बता दें कि सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नवनिमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे के फ्लाई ओवर के पास एन एच-9 के किनारे एक युवक की अधजली लाश मिलने की खबर क्षेत्र में जंगल में लगी आग की तरह फैलने से मची सनसनी।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित करते हुए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर सभी पहलुओं से मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक की किसी अन्य स्थान पर हत्या कर युवक के शव को हथियारों के द्वारा यहां डालकर जलाया गया है। साथ ही देखने योग्य बात यह है कि नेशनल हाईवे पर पुलिस लगातार गस्त करती रहती है। उसके बावजूद भी हत्यारे घटना को अंजाम देकर आसानी से फरार हो गए। और पुलिस को भनक तक नहीं चल पाई। वही इस मामले को लेकर एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने बताया कि हत्यारो के द्वारा युवक की अन्य स्थान पर हत्या करके शव को डालकर जलाया गया है। और युवक के सिर में चोट का निशान पाया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही घटना का खुलासा हो पाएगा। घटना का खुलासा करने के लिए टीम गठित की गई है।

# भारतीय किसान यूनियन (तोमर) संगठन की बैठक



**वेलकम इंडिया**

**हापुड़।** जनपद के फुलगढ़ी हर्ष कॉलोनी निवासी दौलत शेर को भारतीय किसान यूनियन(तोमर) का वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनोनीत करने पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर व कार्यकताओं ने उन्हें सम्मानित किया।बताया गया कि दयाल रीजेंसी में कार्यक्रम आयोजित कर दौलत शेर को कार्यकर्ताओ एवं अन्य लोगों ने भी सम्मानित किया।उपस्थित कार्यकताओं ने दौलत शेर को फूलों-मालाओं और नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया।दौलत शेर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर व सभी कार्यकताओं के प्रति भी आभार जताया।दौलतशेर ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन ही एक ऐसी संगठन है जो छोटे-छोटे कार्यकताओं को संगठन में बड़ी जिम्मेवारी सौपकर कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ पार्टी को मजबूती प्रदान कर रही है।

वही राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि दौलत तोमर पार्टी के पुराने और समर्पित कार्यकर्ता है।इनको वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने आगामी कार्यक्रमो व समस्याओं में कार्यकर्ताओ को हरसंभव मदद मिलेंगी। कार्यक्रम में शोएब खान प्रमुख जिला उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, लियाकत मंसूरी, आरिफ खान, युनुस, जावेद मालिक, परवेज मालिक, मोहम्मद शेर, शहनोज खान, अमन, फरीद, मुस्तकीम, नाहिद मंसूरी, सदाकत मंसूरीआदि लोग मौजूद रहे।

### एचपीसीएल तेल पाइपलाइन की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस और एचपीसीएल के अधिकारियों ने की बैठक

**हरियाणा/हिसार।** जिला हिसार के बरवाला और उकलाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाली हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड की रामामंडी-रेवाड़ी-कानपुर भूमिगत तेल पाइपलाइन की सुरक्षा एवं लगातार निगरानी के संबंध में आज जिला स्तरीय सुरक्षा समंवय बैठक का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री शशांक कुमार सावन के निदेर्शानुसार सहायक पुलिस अधीक्षक डॉ राजेश कुमार मोहन की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में एचपीसीएल तेल पाइपलाइन की सुरक्षा को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में एचपीसीएल के अधिकारियों द्वारा पाइपलाइन एवं इसकी सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एचपीसीएल द्वारा पाइपलाइन की सुरक्षा के लिए एचपीसीएल व पुलिस के आपसी सहयोग व लगातार तालमेल बनाए रखने के संबंध में बैठक में निर्णय लिया गया।

# किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार चला रही है कई योजनाएं : बिष्ट






**गरुड़।** सीमैप शोध केंद्र पुरड़ा में सहकार भारती का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। कार्यक्रम में सहकार भारती के अध्यक्ष श्रीश कपूर ने कहा कि किसान परंपरागत खेती से हटकर औषधीय एवं बागवानी फसलों को अपनाकर अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। तकनीकी सत्र में सीमैप के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी अनुपम सिंह ने यहां की जलवायु में प्रयुक्त पौधे जैसे रोजमेरी, जिरेनियम, नींबू घास आदि फसलों के बारे में किसानों को वैज्ञानिक विधि से खेती एवं प्रसंस्करण पर विस्तृत जानकारी दी। सीमैप के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी मनीष आर्या अरोमा मिशन पर किसानों को विशेष जानकारी दी। इस दौरान पूर्व प्रधान हेमा पंत, अक्षित श्रीवास्तव समेत दर्जनों क्षेत्रीय किसान मौजूद थे।

# जय श्री राम के गूंजे जयकारे, भक्तों ने प्रज्वलित किये दीप

**झांसी।** अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ द्वादशी महोत्सव पर मेहंदी बाग स्थित राम जानकी मंदिर में भव्य कार्यक्रम हुआ। साधु संत और भक्तों ने जय श्री राम के जयकारे लगाये और दीप प्रज्वलित कर भगवान राम की महिमा के मधुर भजन गाए। सनातन हिंदू एकता मंच के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। संगीत की मधुर धुनों पर भजन कीर्तन किया। 1008 दीप प्रज्वलित किये। समाज सेवी पीयूष रावत ने भगवान राम की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में प्रसाद वितरण किया गया। पुरुषोत्तम स्वामी, महामंत्री विनोद अवस्थी ,एवं संयोजक पीयूष रावत ने महाआरती धूप-दीप से महाआरती उतारी गई।

# जिलाधिकारी ने लिया मेला स्थल का जायजा

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई 13 जनवरी से लगने वाले प्रसिद्ध ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने मेला स्थल पहुँचे। उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि बागेश्वर में लगने वाला उत्तरायणी मेला अपने आप में एक अलग पहचान रखता है। यहां काफी संख्या में बाहरी क्षेत्रों से श्रद्धालु और मेलार्थी आते हैं, उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका ख्याल रखा जाय। बाहर से आये व्यापारियों को मेले में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जाय। जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में लगने वाले झूले, चरखे इत्यादि का सुरक्षा की दृष्टि से नियमानुसार संचालित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई रखने के निर्देश नगर पालिका के अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में अस्थाई पुलिस चौकी की जानकारी लेते हुए मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश पुलिस को दिए। प्रकाश व्यवस्था में व्यवधान न हो इसके लिए विद्युत विभाग को उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मेलाधिकारी/उपजिलाधिकारी मोनिका, ईई लोनिवि संजय पांडे, विद्युत मोहम्मद अफजाल, ईओ मो यामीन, हयात सिंह परिहार, कोतवाल कैलाश नेगी, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 3 करोड़ रुपए से बामौर क्षेत्र पंचायत में कराए जायेगे विकास कार्य : ब्लॉक प्रमुख

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** गरौठा ब्लॉक सभागार बामौर में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख बामौर चंद्रभान अहिरवार ,मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी गौरव कुमार व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि केशव सिंह परिहार द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके बैठक का शुभारंभ किया गया।बैठक में खंड विकास अधिकारी गौरव कुमार ने शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना , आयुष्मान कार्ड योजना, एन आर एल एम, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

वही ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि केशव से परिहार ने गौ आश्रय स्थलों पर जानवरों की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए जानवरों के लिए खान पान आदि का उचित प्रबंध करवाए जाने की मांग खंड विकास अधिकारी से की।

तत्पश्चात ब्लॉक प्रमुख चंद्रभान अहिरवार ने 2025 - 26 की कार्य योजना पर चर्चा की एवं ग्राम करगुंवा खुर्द ,कुरैठा, बामौर, झबरा एवं हीरानगर में अंबेडकर पार्क सहित विभिन्न कार्यों के लिए 3 करोड़ के प्रस्ताव को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण विभाग) कुमकुम उदैनिया द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न पेंशन योजनाओं दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन ,वृद्धा पेंशन आदि के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सभी पात्र लोग अधिक से अधिक संख्या में शासन की योजनाओं का लाभ के। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी बाबू सिंह, हेमलता, ग्राम विकास अधिकारी राजकुमार वर्मा सहित हेमन्त यादव, पुष्पेंद्र यादव, पहाड़ सिंह, रामकुमार सेन, गिरीश कुमार, गोलू, जीतू सोनी, जीतपाल यशपाल प्रजापति, जंगीलाल आदि क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# जिलेभर में धड़ल्ले से की जा रही है प्रतिबंधित माझे की बिक्री

**वेलकम इंडिया**




**लखीमपुर खीरी।** यू तो पतंग उड़ाने का दौर पूरे साल चलता है, लेकिन एक जनवरी से बसंत पंचमी तक इसमें ज्यादा रुचि होती है। लोग समूहों में पतंग उड़ाते हैं और इसमें प्रतिस्पर्धा भी होती है। ऐसे में अपनी पतंग को कटने से बचाने के लिए कई लोग विशेष प्रकार की डोर का इस्तेमाल करते हैं। यह डोर प्लास्टिक का महीन धागा तैयार करके बनाई जाती है, जो आसानी से कटती नहीं है। कई बार इस डोर की चपेट में राहगीर और पक्षी आ जाते हैं। दो-पहिया वाहन चालकों के साथ इस प्रकार की घटनाएं ज्यादा होती है। जिले में हर साल तीन-चार लोगों की गर्दन मांझे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो जाती है। वहीं, कई पक्षी मांझे की चपेट में आकर जान गवां देते हैं और कई अन्य अपंग हो जाते हैं। प्रतिबंधित होने के बावजूद यह डोर बाजार में घड़ल्ले से बिक रही है। सामान्यतः बरेली और रामपुर का मांझा और पतंग पसंद की जाती हैं। बरेली और रामपुर का मांझा धागे का बना होता है। ज्यादातर लोग पहले पतंग उड़ाने में धागे के मांझे का ही प्रयोग करते थे। इस मांझे से पतंग को उड़ाने के बाद दोबारा से एकत्र कर लिया जाता था। पतंग कट जाने पर भी धागे को दोबारा से एकत्र कर लपेट लेते थे। आजकल भी इसका प्रयोग ज्यादातर लोग करते हैं। दोनों जगहों का मांझा धागे अधिका मजबूत होने के कारण जनपद में खूब बिकता है और महंगा पड़ता है। तीन हजार मीटर की लंबाई का यह मांझा 25 सौ से तीन हजार रुपये में बिक रहा है। उसके बावजूद ज्यादातर शौकीन धागे के मांझे का ही प्रयोग करते हैं। इससे पतंग उड़ाने वाले के हाथ भी सुरक्षित रहते हैं।

### जानलेवा मांझा होता है मजबूत और सस्ता

वहीं, बाजार में धड़ल्ले से जानलेवा मांझा बिक रहा है। यह मांझा प्लास्टिक के महीन धागे से तैयार किया जाता है। यह बेहद धारदार और मजबूत होता है। इससे कई बार पतंग उड़ाने वाले के हाथ भी कट जाते हैं। यह जानलेवा मांझा तीन हजार मीटर की लंबाई का मात्र 300–400 रुपये में बिक रहा है। एक बार पतंग कट जाने पर प्लास्टिक के इस धागे को एकत्र करना आसान नहीं होता है। ऐसे में पतंग उड़ाने वाले इसको काटकर यों ही छोड़ देते हैं। ऐसे में यह प्लास्टिक का धागा हवा में और पेड़ों–विद्युत लाइनों पर पड़े रहते हैं। इसकी चपेट में कई बार दोपहिया वाहन सवार लोग और पक्षी आ जाते हैं। यह धागा इतना धारदार होता है कि इससे लोगों की गर्दन काफी गहरे तक कट जाती हैं। जिले में हर साल दो–तीन लोग इससे गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। वहीं पक्षियों के पंख, गर्दन, पैर कट जाते हैं। वहीं वर्षा होने पर प्लास्टिक का यह धागा विद्युत लाइन में फाल्ट देता है। जिससे बिजली सप्लाई प्रभावित होती है।

### शासन से है इस मांझे की बिक्री पर रोक

शासन ने इस जानलेवा मांझे की बिक्री को प्रतिबंधित किया हुआ है। पतंग विक्रेताओं की दुकानों पर चेतावनी बोर्ड भी लगवाए हैं। उसके बावजूद शहर में यह जानलेवा मांझा आसानी से उपलब्ध है। अकेले में मांगने पर दुकानदार साइड की दुकानों से लाकर इस मांझे को उपलब्ध करा देते हैं। अन्य लोगों के सामने जानलेवा मांझा नहीं होने की बात कहते हैं, लेकिन एकांत मिलते ही मांझा उपलब्ध करा देते हैं। शहर में बक्शा मार्केट बाजार, खीरी, व शहर के मोहल्लों रोड पर पतंग व मांझो की धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है। अब देखना या है कि इन माझा विक्रेता पे कारवाही होती हैं या इसी तरह मार्केट धड़ल्ले से होती रहे गी बिक्री ।

### सूचना तकनीक विश्व के लिए अभूतपूर्व देन : प्रो. जोशी

**गरुड़।** सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया।श्रमदान सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डा. अवधेश तिवारी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने गोद लिए गांव सिलंगटीट एवं मन्यूड़ा में स्वच्छताअभियान चलाकर संपर्क मार्गों की सफाई की।बौद्धिक सत्र में सूचना क्रांति एक अभिशाप या वरदान विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने खुलकर अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें अवनीश कुमार प्रथम, आंचल आर्या द्वितीय, प्रिया रावत तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अवनींद्र कुमार जोशी ने विजेता स्वयंसेवियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि सूचना तकनीक विश्व के लिए एक भूतपूर्व देन है।

# थाना नरसेना में समाधान दिवस का हुआ आयोजन



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** थाना नरसेना में शनिवार को थाना परिसर में उपजिला अधिकारी गजेंद्र सिंह व थाना प्रभारी चंदगीराम सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस मौके पर उपजिला अधिकारी गजेंद्र सिंह थाना प्रभारी चंदगीराम सिंह ने फरियादियो की समस्या सुनी लेकिन समाधान दिवस मे एक भी फरियादी फरियाद लेकर नहीं पंहुच सका। जिसकी वजह से पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग ने समाधान दिवस मे उपस्थित होकर अपनी जिम्मदेरी निभाई थाना प्रभारी चंदगीराम सिंह ने बताया कि समाधान दिवस मे एक भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई।उन्होने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करना है।थाना प्रभारी ने बताया कि फरियादियों की समस्याओं के लिए पुलिस प्रशासन सदैव तत्पर है।इस अवसर पर थाना प्रभारी चंदगीराम सिंह ने कहा की फरियादियों की समस्याओं का समाधान 24 घण्टे सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन और राजस्व विभाग की समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

## अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो व्यक्ति घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गंगेरू मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर साइकिल सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोगों ने घायल व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी मामले में पीड़ितों की ओर से कोई भी थाने पर शिकायत नहीं की गई। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी शमशाद अपनी साइकिल पर सवार होकर कस्बे में अपना घरेलू सामान खरीदने के लिए आया हुआ था। साइकिल सवार सामान खरीदने के बाद अपनी साइकिल पर सवार होकर वापस अपने गांव जा रहा था। जैसे ही वह क्षेत्र के गांव श्याम गढी के निकट पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया साइकिल सवार खाई में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने उपचार के लिए नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। और मामले की जानकारी घायल के परिजनों को दी। हादसे की जानकारी मिलने पर घायल के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को छुट्टी दे दी।

घायल व्यक्ति की ओर से थाने पर कोई भी शिकायत नहीं की गई। दुसरी और कस्बे के शिवाला मार्ग निवासी इंतजार अपना ट्रैक्टर लेकर हरियाणा के करनाल में गया हुआ था मेरठ करनाल हाईवे पर ट्रैक्टर के ब्रेक फेल हो जाने के कारण खाई में पलट गया और ट्रैक्टर सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को उपचार कराने के बाद अपने साथ घर ले आए। घायल की हालत गंभीर बनी हुई है।

# गांव के मैन रास्ते पर जल भरा, पानी से गुजरने को मजबूर राहगीर, ग्रामीण परेशान



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** ऊंचा गांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत कमालपुर में प्राइमरी स्कूल के समीप मेंन रास्ते पर जलभराव हो रहा है। जिससे राहगीरों को पानी से गुजरना पड़ रहा है और भारी किल्ल्त का सामना करना पड़ रहा है। एक तो सर्दी दूसरा पानी से गुजरना समझो राहगीरों के लिए कयामत आ गई। एक तरफ भारत सरकार स्वच्छ भारत स्वच्छ अभियान चलाकर करोड़ों रुपए खर्च कर जलभराव और गंदगी को दूर करने का का काम कर रही है तो वही दूसरी तरफ जलभराव की स्थिति ज्यो की तो दिखाई दे रही है। जिससे साबित होता है कि स्थानीय अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन अभियान को पलीता लगाकर ठेंगा दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। इस जलभराव से स्थानीय घरो के लोग ज्यादा परेशान है। जिसमे ठाकुर राजू सिंह, मिंटू सिंह, दिलशाद सैफी आदि लोगो का आरोप है की एक सप्ताह हो गया जल भराव की स्थिति सामान बनी हुई है। जल भराव से गंदगी पैदा होगी और संक्रामक रोग फैलने का खतरा भी बना रहेगा। जब इस संबंध मे ए डी ओ राजेश राघव जी से बात की तो उन्होंने बताया कि गाँव कमालपुर मे किसी सफाई कर्मचारी कि नियुक्ति नहीं है फिर भी किसी को भेजकर जलभराव कि समस्याओं को खत्म कराया जाएगा। अब आगे देखना होगा जल भराव की समस्या से ग्रामीणों को निजात मिल पाती है या नहीं सहायक खंड विकास अधिकारी राजेश राघव ने बताया की मौके पर टीम भेजकर जल निकासी की समस्या का समाधान करवाया जा रहा है।

## अलग-अलग दो युवकों के असलाहे के साथ फोटो वायरल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर दो युवकों के असलाहे के साथ फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गए। दोनों युवकों के फोटो प्रसारित होने पर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। युवा पीढ़ी के द्वारा तमंचे, बंदूक, सरकारी असलाहे सहित आदि हथियारों के साथ फोटो लगाना और सोशल मीडिया पर वायरल करना आम बात हो गई है। असलाहे के साथ फोटो लगाने के शौकीन युवाओं के विरुद्ध लगातार मुकदमे भी दर्ज हो रहे हैं इसके बावजूद भी युवा पीढ़ी लगातार अपने फोटो असलाहों के साथ अपनी सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर रहे हैं। शनिवार को थाना क्षेत्र के अलग-अलग दो युवकों के अवैध हथियार के साथ फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गए। एक फोटो में एक युवक सरकारी बंदुक के साथ फोटो में दिखाई दे रहा है। दूसरे फोटो में युवक देसी तमंचे के साथ हवा में फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहा है। एक फोटो कस्बे के मोहल्ला खेल का बताया गया है तो दूसरा फोटो थाना क्षेत्र की भभीसा चौकी के एक गांव का बताया गया है। दोनों फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। फोटो वायरल होने के बाद पुलिस भी हरकत में आई है पुलिस ने वायरल फोटो के आधार पर दोनों आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि दोनों युवकों के वायरल फोटो संज्ञान में आएं है पहचान कराकर जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एटीएच टीम ने की दुकानों पर छापेमारी दो दुकानों पर लगाया जुमार्ना

**कांधला।** नगर में एटीएच के द्वारा अभियान चलाकर दो दुकानों पर जुमार्ना लगाने के साथ लोगों को जागरूक किया गया। शनिवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस अधीक्षक महोदय शामली के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर नोडल अधिकारी के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना जनपद शामली के उ0नि0 रामेश्वर दयाल मय है का0 विजय पाल सिंह, है0 का0 प्रमोद कुमार द्वारा मानव तस्करी से बालको एवं किशोर श्रमिकों के अखिल भारतीय स्तर पर बचाव पुनर्वास अभियान मिशन शक्ति 05 फेज चलाए जाने के संदर्भ में, बालश्रम, भिक्षावृत्ति अभियान व बचपन बचाओ आन्दोलन के अंतर्गत थाना कांधला में बालश्रम बाल भिक्षावृत्ति अभियान व अभियान बचपन व बचपन बचाओ आन्दोलन व मिशन शक्ति, व नशे के विरुद्ध अभियान , मानव तस्करी ,बाल विवाह रोकथाम ,अभियान (मिशन शक्ति 05 फेज) में जागरूकता अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान कोटपा अधि0 के अंतर्गत 2 दुकानों से 200 रु0का जुमार्ना किया गया। किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाएं। ऐसा करना दंडनीय अपराध है आम जनमानस को संबंध में जागरूक किया गया तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 112, 1076, 181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

## पुलिस ने एक बाइक चोर एवं मादक पदार्थ तस्कर को किया गरफ्तार


**कांधला।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बाइक चोर को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। दूसरी ओर पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को भी चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। एसपी रामसेवक गौतम के आदेश पर थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पूर्वी यमुना नहर पटरी पर चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक बाइक सवार आता दिखाई दिया। पुलिस ने बाइक सवार को रोककर पूछताछ की तो बाइक सवार को ही संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस बाइक सवार को थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने बताया कि उसने उक्त बाइक को कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड से चोरी किया था। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए चोर ने अपना नाम अनुकूल पुत्र तेजपाल निवासी ताहरपुर भभीसा थाना कांधला बताया है। पुलिस ने पकड़े गए चोर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी और पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को 150 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए मादक पदार्थ तस्कर ने अपना नाम अमजद पुत्र राशिद निवासी घाटमपुर थाना नकुड जनपद सहारनपुर बताया है। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने बताया कि उक्त बाइक क्षेत्र के गांव किवाना निवासी गौरव मलिक पुत्र सुरेश मलिक की है। बाइक को बरामद कर लिया गया है। वही एक मादक पदार्थ तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए चोर और मादक पदार्थ तस्कर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

# उत्तराखंड हाईकोर्ट की सख्ती के बाद पुलिस का बड़ी कार्रवाई, खनन में लगीं 124 मशीनें सीज

वेलकम इंडिया

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट की सख्ती के बाद हरकत में आई पुलिस ने 24 घंटों के भीतर खनन में लगीं 124 पोकलैंड और जेसीबी मशीनों को सीज कर दिया है। पुलिस कार्रवाई बाद सभी खड़िया खदानों में सन्नाटा पसरा हुआ है। उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश पर बागेश्वर जिले में सात जनवरी से खड़िया खनन पर रोक है। अवैध खनन से ग्रामीणों को हुए नुकसान पर हाईकोर्ट ने नाराजगी भी जताई थी। गुरुवार शाम से पुलिस ने जगह-जगह बैरियर लगा दिए और शुक्रवार को खनन में लगी पोकलैंड और जेसीबी मशीनों को सीज करना शुरू कर दिया।

इधर नोटिस मिलते ही मशीन संचालक पुलिस थानों में चाबियां जमा करने पहुंचने लगे।



रीमा चौकी में सबसे अधिक 52 चाबियां जमा हुईं हैं। शुक्रवार को एसपी बागेश्वर चंद्रशेखर घोडके ने हाईकोर्ट में वर्चुअली पेश होकर कार्रवाई से अवगत कराया।

चमोली की खान अधिकारी को बागेश्वर भेजा सरकार ने बागेश्वर की सस्पेंड जिला खान अधिकारी जिज्ञासा बिष्ट को मुख्यालय अटैच कर दिया है। चमोली की खान अधिकारी नाजिया हसन को बागेश्वर की जिम्मेदारी दी गई है। हाईकोर्ट ने अवैध खनन से ग्रामीणों को होने वाले नुकसान का मुआवजा अवैध खड़िया खनन करने वाले कारोबारियों से वसूले जाने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कांडा तहसील में अवैध खनन से ग्रामीणों को हुए नुकसान का मुआवजा सरकार द्वारा दिए जाने पर कड़ी टिप्पणी की। वहीं हाईकोर्ट ने खनन पर रोक जारी रखते हुए 160 पट्टाधारकों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है। कांडा के कई गांवों में खनन से आई दरारों के मामले का हाईकोर्ट ने स्वत संज्ञान लिया है। मामले में अगली सुनवाई 14 फरवरी को होगी।


## भारतीय जनता पार्टी एवं संघ से जुड़े राष्ट्रीय पदाधिकारीयों को दिया धर्म संसद का निमंत्रण

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** 23 जनवरी को श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास द्वारा प्रयागराज कुंभ मेंआयोजित होने वाली विराट धर्म संसद को लेकर दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद, संघ परिवार से जुड़े पदाधिकारीयों को आमंत्रण दिए गए।

श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा फलहारी, ने कहा कि धर्म संसद में विद्वान संत, अखाड़ा परिषद के पदाधिकारी, जो निर्णय लेंगे उसी के आधार पर श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति हेतु न्यायालय में पक्ष रखा जाएगा, विद्वान संतों की गवाही सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि हमने दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रपति कार्यालय, उपराष्ट्रपति कार्यालय, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष के निवास ,पर निमंत्रण दिए



हैं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह को व्यक्तिगत मिलकर के आमंत्रण दिया, तथा पूर्व महामंत्री संगठन संजय भाई जोशी, से मुलाकात की तथा निमंत्रण दिया, इस अवसर पर प्रमुख रूप से स्वामी ज्ञान सागर जी महाराज, राजेश पाठक, सोनू शास्त्री, मयंक शर्मा मुरारी लाल प्रधान, ठा रामजील आदि रहे।

# नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स ने किया नि:शुल्क रक्त जाँच शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद में नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के सामाजिक उत्तरदायित्व के सहयोग से चुन्नीलाल मेडिकल ट्रस्ट द्वारा निशुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का शुभारंभ कम्पनी के चीफ फाइनेंस अधिकारी विकास अग्रवाल व ट्रस्ट की सचिव पूनम सिंह परिहार ने दीपप्रज्वलित कर किया।




इस अवसर पर विकास अग्रवाल ने बताया कि कम्पनी द्वारा सीएसआर के अंतर्गत सामाजिक कार्य कर आम लोगो को स्वस्थ सुविधाएं देने का प्रयास किया जाता है इस शिविर के अलावा भी अन्य स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग किया जाता हैं।चुन्नीलाल मेडिकल ट्रस्ट की सचिव पूनम सिंह परिहार ने बताया कि आज की भागदौड़ भरी व्यस्त जीवन मे व्यक्ति अपने परिवार के पालन पोषण में व्यस्त रहने के कारण खुद के स्वास्थ्य पर ध्यान नही दे पाता है। तथा छोटी छोटी बीमारियों की तरफ ध्यान ना देने के कारण किसी ना किसी बीमारी से ग्रस्त हो जाता हैं। ।ट्रस्ट के सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना ने बताया कि इस शिविर में रक्त के द्वारा लिवर, किडनी फंक्शन, थाइराइड, शुगर, यूरिन, विटामिन्स व हृदय रोग की जाँच की गयीं।परियोजना समन्वयक सुमित कुमार ने बताया कि नॉर्दर्न व चुन्नीलाल मेडिकल ट्रस्ट द्वारा समय समय पर इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।

## कवि सम्मेलन में ओजस्वी कवि राजकुमार शिशौदिया राजा को महाकवि देवेन्द्र देव मिजार्पुरी से सम्मानित

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद के तहसील धौलाना के गांव छज्जुपुर निवासी कवि राजकुमार शिशोदिया को हिन्दी दिवस एवं महाकवि देवेन्द्र देव ₹मिजार्पुरी₹ जी के जन्म दिवस के पावन अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद बुलन्दशहर द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में आपके मित्र ओजस्वी कवि राजकुमार शिशौदिया₹राजा₹को महाकवि देवेन्द्र देव ₹मिजार्पुरी₹ विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जिसमें आयोजन समिति द्वारा शीश पगड़ी, एवं गले में मोतियों की माला पहनाकर पहनाकर पटका एवं शाल ओढ़ाकर एवं यथोचित नकद राशि लिफाफा भेंट कर सम्मानित किया गया मैं आयोजन समिति के सभी अपने अग्रजो



आदरणीय दादा मूर्धन्य साहित्यकार रमेश चंद्र अग्रवाल प्रसून जी,बड़े भाई मूर्धन्य साहित्यकार आलोक बेजान, अरविन्द भाटी बड़े भाई, आदरणीय बड़े भाई मूर्धन्य साहित्यकार, देवेन्द्र देव मिजार्पुरी जी एवं मंच का सफल संचालन कर रही कवियत्री संगीता अहलावत जी का ह्दय से आभार एवं कोटि कोटि धन्यवाद ज्ञापित करता हूं कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति में आस्ट्रेलिया से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार, विजय कुमार सिंह जी,(जिनके द्वारा आस्ट्रेलिया आने का निमंत्रण भी मुझे दिया)आदरणीया मधु चतुर्वेदी, आदरणीय दद्दू दरियाव सिंह राजपूत ब्रजकण, आदरणीय कमल किशोर भारद्वाज, राजेश गोयल ,बाबा बुलन्दशहरी जी साथ रहे।

# व्यापारी से रंगदारी मांगने वाले बदमाश के विरुद्ध व्यापारियों ने की गिरफ्तारी की मांग

वेलकम इंडिया

**काधला।** नगर के व्यापारी से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस को अभी तक कोई सफलता नही मिलने से आहत व्यापारी से एक फिर अपनी दुकान बंद कर दी। जिसके बाद व्यापारियों ने थाने पहुंचकर घटना की खुलासे की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। मामले में थाना प्रभारी ने व्यापारी व उसके परिवार को पूर्ण रूप से सुरक्ष का आश्वासन दिया है। सोमवार की रात्रि लगभग आठ बजे नगर के हार्डवेयर व्यापारी आबिद सैफी से फोन के माध्यम से 50 लाख रूपए व फॉर्च्यूनर गाडी की रंगदारी मांगी गई थी। जिसके बाद व्यापारी ने अपना प्रतिष्ठान बंद कर दिया था, तथा व्यापारियों के आश्वासन के बाद बुधवार को थाने पहुंचकर मामले में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने व्यापारी को सुरक्षा मुहैया कराते हुए उसके साथ एक पुलिसकर्मी छोड दिया था, जिसके बाद भी व्यापारी ने अपना प्रतिष्ठान नही खोला था। शुक्रवार को पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद व्यापारी ने अपना प्रतिष्ठान खोल लिया था। किन्तु मामले में खुलासा नही होने से व्यापारी के अंदर भय का माहौल बना हुआ है। शनिवार को एक बार फिर से व्यापारी ने खुद को भय बताते हुए अपना प्रतिष्ठान नही खोला। जिसके बाद व्यापार मंडल अध्यक्ष ईश्वर दयाल कंसल तथा महामंत्री श्रीकांत जैन के नेतृत्व में पीडित व्यापारी के साथ दर्जनों व्यापारी थाने पहुंचे तथा घटना मे अभी तक खुलासा ना होने पर अपना रोष प्रकट किया। जिसके बाद थाना प्रभारी क्षितिज कुमार ने मामले में तत्काल प्रभाव से व्यापारी के प्रतिष्ठान के सामने पीसी फोर गाडी सुरक्षा के लिए लगाने की बात कहते हुए व्यापारी को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए कहा।



# आइफा की छात्र-छात्राओं को विधायिका एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। आइफा संस्थान के मैनेजर डॉ संघर्ष शर्मा निवास स्थान तिबड़ा रोड पर विधायिका मंजू शिवाच व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने आईफा के छात्र- छात्राएं मेघा दीक्षित, आदित्य वर्मा, सिद्धार्थ गौतम, शेली शर्मा, तनीषा को अंग-वस्त्र भेंट कर वह माला पहनकर स्वागत एवं सम्मान किया। विधायिका मंजू शिवाच ने बच्ची अनुष्का शर्मा को विशेष गिफ्ट एवं अंग-वस्त्र भेंट कर और सम्मान किया अनुष्का की बहुत तारीफ की। उन्होंने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की और कहा इन बच्चों ने मोदीनगर क्षेत्र का नाम ऊंचा किया है एक गौरव की बात है। इस मौके पर अनुष्का शर्मा के पिता डॉ संघर्ष शर्मा, माता मोनिका शर्मा एवं दादा मेघानंद शर्मा, दादी गीता शर्मा का खुशी का ठिकाना ना रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो भारत कॉरिडोर के नए फेस का उद्घाटन किया थो उद्घाटन के बाद मोदी जी रैपिड रेल सफर के दौरान आईफा के छात्र-छात्राओं से रूबरू हुए थे। आईफा के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग को प्रधानमंत्री ने सराहा और प्रशंसा की थी। इसी दौरान संस्थान के मैनेजर डॉ संघर्ष शर्मा की बेटी अनुष्का शर्मा ने प्रधानमंत्री को कविता सुनाई सुनाई किर अपने मन से एक लक्ष्य लिए मंजिल अपनी प्रत्यक्ष लिए हम तोड़ रहे हैं जंजीरे हम बदल रहे हैं तकदीरे... कविता सुनाने के बाद प्रधानमंत्री ने वाह कहा और अनुष्का शर्मा के सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया था। इस मौके पर प्रदीप बॉस( भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गाजियाबाद), नवीन जायसवाल( जिला कोषाध्यक्ष),नवेंद्र गॉड( भाजपा जिला महामंत्री), आकाश शर्मा( भाजपा नगर अध्यक्ष), रोहित अग्रवाल, विशेष त्यागी, आलोक कौशिक( सभासद), भौतेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल, डॉ रुचि विद्यार्थी, दीपांशु, प्रशांत उपस्थित रहे।

# भाजपा के नवनियुक्त बूथों के प्रभारी व नवनियुक्त अध्यक्ष का हुआ स्वागत



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। भाजपा के शहर संगठन के निर्वाचित बूथ अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष आकाश शर्मा का यहां निवाड़ी रोड स्थित भाजपा के किसान मोर्चा के महामंत्री विपिन चौधरी के कार्यालय पर स्वागत समारोह आयोजित हुआ। समारोह में वार्ड के सभी बूथ अध्यक्षों का स्वागत व नवनिर्वाचित शहर अध्यक्ष आकाश शर्मा को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, पूर्व जिलाध्यक्ष सतवीर राघव, संजीव शर्मा, गौरव रोहिल्ला एडवोकेट, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, नवीन जायसवाल, मनजीत कश्यप, प्रमोद कश्यप, राजेंद्र चौधरी एवं अभय चौधरी दरोगा सहित कई बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

# भाजपा की संविधान गौरव अभियान को लेकर हुई बैठक



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। भाजपा की ओर से मुरादनगर देहात मंडल के गांव अमीरपुर गढ़ी में संविधान गौरव अभियान के तहत एक जागरूकता बैठक आयोजित की गयी। बैठक में संगठन के मंडल प्रभारी नीरज शर्मा व मुख्य वक्ता बृजेश्वर निम्मी ने बाबा साहब डा आंबेडकर के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला तथा लोगों को बताया कि कांग्रेस ने किस प्रकार उनके साथ अन्याय किया और भाजपा सरकार ने ही उनको भारत रत्न देकर उनका सम्मान बढ़ाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष अमरीश त्यागी ने की। कार्यक्रम का संचालन मोहित त्यागी ने किया। मंडल अध्यक्ष विपिन चौधरी ने सभी आगंतुकों का आभार जताया। इस अवसर पर डॉ सचिन गौतम के अलावा मंडल उपाध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, सुनीत त्यागी, सेक्टर संयोजक संजय अरोड़ा, दुलीचंद तथा सतवीर सुराना उपस्थित रहे।

# गिन्नी देवी मोदी कॉलेज में विवेकानंद जी को दी गई श्रद्धांजलि




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मोदीनगर के प्रांगण मे राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर भारत के महान आध्यात्मिक गुरु और विचारक स्वामी विवेकानंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा की निर्देशन में व डॉ आकांक्षा सारस्वत व एशवर्या बहुगुणा के संयोजन में एक संगोष्ठी विषय-राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका का आयोजन शिवरंजिनी कल्चरल क्लब, राष्ट्रिय सेवा योजना, व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित किया गया! कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की वंदना व स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया, तत्पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पिंकी चौधरी जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी व कुँ बहन सिमरन कर्दम प्रदेश सहमंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्राओं को सम्बोधित किया तथा स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने का आवाहन किया तथा राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए कहा! कार्यक्रम के अंत मे चिरायु शर्मा जिला विस्तारक, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने संघ के उद्देश्यों व विभिन्न कार्यों के बारे में छात्राओं को अवगत करवाया तथा धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम आयोजन में सहयोग रहा सुश्री शालू तिवारी, ज्योति, फरहा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमृता सिंह, नगर कार्यकारिणी सदस्य खुशी शिवानी, अवनि, प्रेरणा, खुशबु, गार्गी आदि का कार्यक्रम में सभी शिक्षिकाओं व छात्राओं ने भारी संख्या में उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की।

# व्यापार मंडल इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। उद्योग व्यापार मंडल संतपुरा हरमुखपुरी विजयनगर कपड़ा मिल इकाई का शपथ ग्रहण समारोह अभियोजित किया गया। जिसमें उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल , संरक्षक अरविंद अग्रवाल प्रदेश मंत्री व अध्यक्ष संजय गुप्ता , विधानसभा अध्यक्ष डॉ पवन सिंघल , उद्योग व्यापार मंडल मोदीनगर नगर अध्यक्ष महेश तायल , महामंत्री पियूष गुप्ता , पुनीत वर्मा राकेश बंसल उद्योग व्यापार मंडल युवा नगर अध्यक्ष हरेंद्र अरोड़ा उद्योग व्यापार मंडल नगर युवा महामंत्री विनय शर्मा , मोदीनगर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली व सम्मानित जनों की उपस्थिति में वर्कर्स क्लब गोविंदपुरी मोदीनगर में हुआ। उद्योग व्यापार मंडल संतपुरा हरमुख पुरी विजयनगर कपड़ा मिल की इकाई में निर्विरोध चुने गए धर्मेंद्र चौधरी ने अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की, उन्हीं के साथ संजय गुप्ता ने महामंत्री पद की शपथ ग्रहण की। इसके अलावा पवन कुमार ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद, अमित सिंघल ने कोषाध्यक्ष तथा योगेश कुमार और नवनीत तोमर तथा किशन शर्मा ने मीडिया प्रभारी पद की शपथ ग्रहण की।

# हल्द्वानी के गौलापार खेल परिसर में होगा आयोजन, कार्यक्रम में होगा स्वामी विवेकानंद राज्य स्तरीय युवा पुरस्कार 2024 - 25 का वितरण

वेलकम इंडिया



**देहरादून**। हल्द्वानी में 12 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर इस साल का युवा दिवस कार्यक्रम कुछ खास होने जा रहा है। इस साल आयोजन में वह हजारों वॉलिंटियर्स भी आएंगे जिन्होंने राष्ट्रीय खेलों के लिए अपना पंजीकरण कराया है। इस मौके पर वॉलिंटियर्स को उनकी जिम्मेदारियों से परिचित कराया जाएगा तथा अन्य प्रस्तुतियां भी होंगी। राष्ट्रीय युवा दिवस की मौके पर कार्यक्रम का आयोजन इस साल हल्द्वानी के गौलापार खेल परिसर में किया जा रहा है। आयोजन में पूर्व राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, सांसद अजय भट्ट और खेल मंत्री रेखा आर्या शामिल होंगे। इस दौरान गौलापार खेल परिसर में महिला पुरुषों की दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा सामूहिक लोक नृत्य और आर्टिस्टिक योग का प्रदर्शन भी किया जाएगा। खेल मंत्री रेखा आर्या राष्ट्रीय खेलों के लिए पंजीकरण कराने वाले वॉलिंटियर्स से चर्चा करेंगी और उन्हें उनकी जिम्मेदारियां बताएंगी, साथ ही उन्हें प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि ग्रीन गेम्स की भावना के अनुसार खेल परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ी, कोच, सपोर्टिंग स्टाफ और दर्शक आदि जो भी मिनरल वाटर की बोतल इस्तेमाल करेंगे, उन खाली बोतलों को एकत्र करके रीसाईकल किया जाना है। इसके बाद इस रीसाईकल प्लास्टिक से पार्क आदि में इस्तेमाल की जाने वाली कुर्सी और बेंचेज बनाई जाएगी। खेल मंत्री ने बताया कि यह काम जिस संस्था को करना है, उसे भी युवा दिवस कार्यक्रम में इसका प्रदर्शन करने के लिए बुलाया गया है।

> इस साल के युवा दिवस कार्यक्रम को राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि वालंटियर युवाओं को प्रेरित करने के लिए स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। रजिस्टर्ड वालंटियर इस साल के आयोजन का मुख्य हिस्सा बनेंगे। **– रेखा आर्या, युवा कल्याण मंत्री, उत्तराखंड सरकार**

# नोएडा पुलिस कमिश्नर का कबीले तारीफ निर्णय , 27 थानो में सौर ऊर्जा से होगी रोशनी, बिजली की खपत में आएगी कमी

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर**। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के सभी थाने और पुलिस कार्यालय अब सौर ऊर्जा से रोशन होंगे। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह की ओर से तैयार किए गए इस प्रस्ताव पर इस समय कई एजेंसियों से बातचीत चल रही है। इस योजना के तहत पहले चरण में जिले के तीन थानों को सौर ऊर्जा से जगमग किया जाएगा।

उसके बाद अन्य थानों और कार्यालयों में इसे लागू किया जाएगा। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि वर्तमान में जिले के सभी थानों और पुलिस कार्यालयों में पारंपरिक बिजली सप्लाई का उपयोग हो रहा है। इसे देखते हुए एक सशक्त योजना तैयार की गई है। जिसका उद्देश्य थानों और कार्यालयों को कार्बन मुक्त बनाना और सौर ऊर्जा से बिजली आपूर्ति करना है। कमिश्नरेट के तीनों जोन में कुल 27 थाने हैं। जिनमें साइबर और महिला थाने भी शामिल हैं। इसके अलावा सेक्टर-108, सूरजपुर और सेक्टर-14ए जैसे क्षेत्रों में पुलिस कार्यालय भी स्थित हैं। कई अन्य पुलिस दफ्तरों का निर्माण भी प्रस्तावित है। इस योजना के तहत सभी थानों और कार्यालयों में सोलर पैनल लगाए जाएंगे। जिससे बिजली उत्पादन होगा। थानों और दफ्तरों में यह बिजली सप्लाई की जाएगी। पुलिस टीम इस समय जिले में पुलिस विभाग की बिजली खपत और आपूर्ति के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है। इसके बाद तकनीकी विशेषज्ञों से बातचीत कर सोलर पैनल लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सौर ऊर्जा से बिजली आपूर्ति होने के बाद थानों में बिजली के कटौती की समस्या और तारों से संबंधित समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

# एकमुश्त समाधान भुगतान योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं द्वारा 7.25 करोड़ का किया भुगतान

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**। विद्युत उपभोक्ता के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही एकमुश्त समाधान भुगतान कर ज्यादा लाभ पायें योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं द्वारा 07.25 करोड़ का भुगतान कर, योजना का लाभ प्राप्त किया है। यह जानकारी देते हुए अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर महेश उपाध्याय ने बताया कि गत 15 दिसंबर से 31 जनवरी तक चलाई जा रही तीन चरणों / अवधि में लागू की गयी ₹जल्दी आयें, एकमुश्त समाधान भुगतान कर ज्यादा लाभ पायें एकमुश्त समाधान योजना 2024-25₹ योजना में 11.01.2025 तक कुल 7586 नं0 उपभोक्ताओं द्वारा 07.25 करोड़ का भुगतान कर, योजना का लाभ प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना में प्रतिदिन घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को योजना लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है साथ ही साथ लम्बे समय से जिन उपभोक्ताओं द्वारा बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा था। ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर 980 नं० मीटर उतारे गये साथ ही साथ 7201 नं० उपभोक्ताओं संयोजनों को अस्थायी रूप से विच्छेदित किये गये। दिनांक 15.01.2025 से उक्त योजना का द्वितीय चरण समाप्त हो रहा है। समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील है कि वह उक्त योजना के द्वितीय चरण के शेष 04 दिवसों में पंजीकरण कराकर, अधिक छूट का लाभ उठाकर अपने नजदीकी उपकेन्द्र / जनसेवा केन्द्र तथा खण्ड के विभिन्न ग्रामों आयोजित किये जा रहे शिविरों के माध्यम से सम्पूर्ण बिल का भुगतान कराने का कष्ट करें।

# जीतने के बाद क्षेत्र में विकास को दूंगा प्राथमिकता अपने वार्ड में विकास करने के पूरी जान लगा दूंगा

वेलकम इंडिया



**देहरादून**। उत्तराखंड में आजकल निकाय चुनाव का चुनाव प्रचार पूरे जोरों शोरों से चल रहा है सभी पार्टियों के सिंबल पर लड़ रहे प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर वोटरों को लुभाने का काम कर रहे हैं इसी क्रम में आज वार्ड नंबर 77 माजरा देहरादून के मन कॉलोनी में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जाहिद अंसारी मैं घर-घर जाकर डोर टू डोर जाकर लोगों से मुलाकात की जाहिद अंसारी ने लोगों को कांग्रेस पार्टी के द्वारा कराए गए विकास कार्यों से जनता को अवगत कराया उन्होंने लोगों को भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली से भी अवगत कराया उन्होंने बताया कैसे भारतीय जनता पार्टी सांप्रदायिकता फैलाकर देश और प्रदेश का माहौल खराब कर रही है इसलिए आप सब लोगों को एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना चाहिए जाहिद अंसारी ने कहा मुझे वोट दीजिए जीतने के बाद मैं आपके मोहल्ले में काम करने में पीछे नहीं हटूंगा जाहिद अंसारी ने कहा आपके मोहल्ले की जो भी समस्या है जीतने के तुरंत बाद में उसका निदान कर दूंगा जाहिद अंसारी ने कहा यह मेरा वादा है क्षेत्र के लोगों ने उनके समर्थन में नारे लगाए और जाहिद अंसारी को आश्वासन दिया कि हम सब लोग आपके साथ हैं इस अवसर पर उनके साथ कुर्बान अली नौशाद अंसारी शाहिद अंसारी कासीमुद्दीन अल्वी शहजाद अंसारी सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# खो खो वर्ल्ड कप में डॉ. अरुण त्यागी होंगे प्रोटोकॉल समिति के प्रभारी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर**। 13 जनवरी से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होने वाले खो खो वर्ल्ड कप 2025 में मोदीनगर के छाया पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य निदेशक डॉक्टर अरुण त्यागी प्रोटोकॉल समिति के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। डॉ अरुण त्यागी ने बताया कि 13 से 19 जनवरी 2025 तक होने वाले प्रथम खो खो वर्ल्ड कप में विभिन्न देशों की 20 से अधिक टीम में भाग ले रही है भारत के पारंपरिक खेल खो खो को अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सानिध्य में इस खेल महोत्सव का बड़ा आयोजन खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया किया। खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है। खोखो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव एम एस त्यागी द्वारा खो खो वर्ल्ड कप के सफल आयोजन के लिए नियुक्ति किया गया है।

# प्रतिबंधित पॉलीथिन के इस्तेमाल पर नगर आयुक्त सख्त, कार्रवाई के दिए निर्देश




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। शहर में पॉलीथिन पर प्रतिबंध है, लेकिन इसके बावजूद जगह-जगह धड़ल्ले से इसका प्रयोग किया जा रहा है। नतीजतन चालान काटने के बाद भी केंद्र के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वालों से जुमार्ना राशि वसूला जा रहा है।

लेकिन अब प्रतिबंध पॉलीथिन को लेकर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सख्त रुख इख्तियार किया है। जिसके लिए पांचो जोनल प्रभारी और प्रवर्तन दल को औचक निरीक्षण कर कार्रवाई के लिए सख्त निर्देश दिए है। नगर आयुक्त ने पॉलीथिन के इस्तेमाल पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। पॉलीथिन का सबसे ज्यादा इस्तेमाल सब्जी मंडी में हो रहा है। साहिबाबाद और पुराना बस अड्डा स्थित मंडी में खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को सब्जी पॉलीथिन में दी जा रही है। इसके अलावा रेहड़ी पटरी वाले भी पॉलीथिन का इस्तेमाल कर रहे हैं। पॉलीथिन के कारण घरों से कचरा ज्यादा निकल रहा है। इस कारण उसका निस्तारण नहीं किया जा रहा। नगर आयुक्त ने पॉलीथिन जब्त कर जुमार्ना लगाने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि केंद्र सरकार की ओर से देशभर में एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) प्रतिबंधित की गई है। इसके तहत सिंगल यूज प्लास्टिक के आइटम जैसे ईयरबड्स, गुब्बारे की प्लास्टिक डंडी, पॉली बैग, प्लास्टिक के झंडे, कैंडी की प्लास्टिक डंडी, आइसक्रीम की प्लास्टिक डंडी, थर्माकॉल के सजावटी सामान, प्लास्टिक की प्लेट, कप, ग्लास, कांटे, चम्मच, स्ट्रॉ, ट्रे, मिठाई के डिब्बे पैक करने वाली पन्नी, इनविटेशन कार्ड पर लगाई जाने वाली पन्नी, सिगरेट पैकिंग में इस्तेमाल होने वाली पन्नी, 100 माइक्रोन से पतले पीवीसी व प्लास्टिक के बैनर समेत कई उत्पादों पर प्रतिबंध हैं।

- पांचो जोनल प्रभारी और प्रवर्तन दल को औचक निरीक्षण कर कार्रवाई के लिए सख्त निर्देश दिए है।
- 100 माइक्रोन से पतले पीवीसी व प्लास्टिक के बैनर समेत कई उत्पादों पर प्रतिबंध हैं।

# सदियों के संघर्ष के बाद सनातनी जीत का प्रतीक हैं भव्य श्री राम मन्दिर : वरुण शर्मा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। कौशांबी के कैलाश-त्रिशूल टॉवर स्थित सनातन धर्म मन्दिर में अयोध्या स्थित श्री राम जन्म भूमि मन्दिर में श्रीराम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर मन्दिर में सुबह हवन- प्रसाद के साथ शुरूवात हुई तो शाम को दीप जला कर दीपावली मनाई गयी। कौशांबी निवासी समाजसेवी वरुण शर्मा ने बताया की किस तरह सदियों के संघर्ष के बाद सनातनी विश्वास की जीत का प्रतीक हैं अयोध्या का भव्य राम मन्दिर ।इस अवसर पर कौशांबी निवासी और समाजसेवी डॉ आचार्य कृति शर्मा, पूर्व कारवा अध्यक्ष वी के मित्तल, अशोक परवाल, सुनीता परवाल, पंडित ओमप्रकाश दीक्षित, अनिता दीक्षित, उर्मिला दुबे, उषा गुप्ता, मिनी गुप्ता, रजनी गोयल, अलका सेहगल, रेखा वैश, इंदरप्रीत, संजय महेश्वरी, उपमा महेश्वरी, गीता रस्तोगी, प्रीति शर्मा, सहित अन्य कई सम्मानित निवासी उपस्थित रहे।

# दंपति ने झगड़े के बाद किया सुसाइड, मौत



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। लोनी बार्डर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर में रहने वाले दंपत्ति के सुसाइड के मामले में पुलिस जांच में कई बातें सामने आई हैं। मकान मालिक योगेश शर्मा ने बताया कि पति- पत्नी अच्छे से रहते थे। दोनों के बीच कभी झगड़े की बात नहीं सुनी। शुक्रवार को पता नहीं ऐसा क्या हुआ कि दोनों ने इतना बड़ा फैसला ले लिया। बता दें कि शुक्रवार शाम 30 वर्षीय विजय प्रताप चौहान का घर में और पत्नी शिवानी की दिल्ली जल निगम के अहाते में शव फांसी से झूलता मिला था। कासंगज जनपद निवासी विजय प्रताप अपनी पत्नी शिवानी के साथ योगेश शर्मा के मकान में दो साल से किराए पर रहा था। दोनों की एक साल की बेटी थी। पड़ोसियों का कहना है कि कभी पति पत्नी के बीच झगड़े की बात नहीं सुनी। शुक्रवार शाम दोनों के बीच जो झगड़ा हुआ, उसका अंजाम सुनकर सभी अचंभित और दुखी हैं।

## धारदार हथियार से युवक पर हमला

**गाजियाबाद**। नगर की एक कॉलोनी निवासी युवक ने बताया कि शुक्रवार रात ड्यूटी से घर आया तो रामू नामक युवक उनकी पत्नी के पास बैठा था। उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। कॉलोनी के लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी कार्यवाहक ने बताया कि तहरीर के आधार पर रामू निवासी अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

## अलग- अलग थानों से युवती, किशोरी समेत तीन लापता

**मोदीनगर**। अलग–अलग कॉलोनियों से एक युवती, किशोरी और एक छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। तिबड़ा मार्ग कॉलोनी निवासी मीनाक्षी का 14 वर्षीय पुत्र यश चौधरी आठ जनवरी को लापता हो गया। इसके अलावा एक कॉलोनी निवासी 16 वर्षीय किशोरी शुक्रवार को ट्यूशन गई थी, लेकिन वापस नहीं आई। एक अन्य कॉलोनी से 20 वर्षीय युवती भी लापता हो गई। एसीपी मोदीनगर कार्यवाहक ने बताया कि लापता लोगों की तलाश जारी है।

## मुख्यमंत्री स्वदेशी संवर्धन योजना में 19 लाभार्थियों को चयन पत्र आवंटित

**गाजियाबाद**। मुख्यमंत्री स्वदेशी को संवर्धन योजना अंतर्गत जनपद के 19 लाभार्थियों को चयन पत्र आवंटित किए गए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी पांडेय ने बताया कि इस योजना अंतर्गत जनपद में 19 लाभार्थियों का चयन किया गया है। योजना के अंतर्गत लाभार्थी को दो स्वदेशी नस्ल की दुधारू गोवंश (गिर, थारपारकर, साहीवाल, हरियाणा) का पालन–पोषण करना होगा। लाभार्थी को गोवंश प्रदेश के बाहर से क्रय कर कर लाना है। चयनित लाभार्थी को इकाई स्वयं के खर्च से स्थापित करनी है। योजना स्थापित करने की लागत 2 लाख रुपए हैं। योजना के सफल संचालन पर सत्यापन के उपरांत लाभार्थी को अधिकतम 80 हजार रुपए का अनुदान सरकार द्वारा लाभार्थी के बैंक खाते में दिया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत जिन लाभार्थियों का चयन किया गया है। उन्हें चयन पत्र वितरित किए गए। इन लाभार्थियों में सजेंद्र कुमार पुत्र चंद्र प्रकाश निवासी ग्राम अमराला भोजपुर, मनीषा सिंह पत्नी प्रवीण चौधरी निवासी गंगा विहार मुरादनगर, कौशल्या पत्नी वीरपाल सिंह साहिबाबाद, ब्रह्म सिंह पुत्र शिव स्वरूप निवासी गांव जावली लोनी को चयन पत्र आवंटित किए गए है।

# सोसायटी में चुनाव को लेकर हुआ विवाद, महिलाओं की मौजूदगी में दी गंदी गालियां



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। पढ़े लिखे लोगों की सोसायटी में इस तरह के वीडियो सामने आना शर्मनाक है लेकिन बात- बात पर लोगो का संयम जवाब दे जाता है।

शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो से तो यही लगता है। यह वीडियो कॉसिंग रिपब्लिक की जीएच- 7 सोसायटी के कार्यालय का बताया गया है। सोसायटी में चुनाव को लेकर हुए विवाद में ढिशुम- ढिशुम हो गई। जमकर मारपीट के इस वीडियो में महिलाओं की मौजूदगी में गंदी गालियां भी सुनाई दे रही हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एकदम फिल्मी स्टाइल में मारपीट होती दिख रही है। मारपीट कर रहे सोसायटी के लोगों ने पूरे आफिस को अखाड़ा बना दिया है। मामले में महिला से बदतमीजी की बात भी कही गई है हालांकि इस आरोप की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने वायरल वीडियों की जांच शुरू कर दी है। सोसासटी निवासी दीपक चोपड़ा ने मामले की शिकायत क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस से की है। दीप का कहना है कि आडब्ल्यूए चुनाव के दौरान नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद चुनाव कमेटी की इंटरनल मीटिंग चल रही थी। इस बीच कुछ लोग सोसायटी के कार्यालय में घुसे और मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी पहले भी इस तरह की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। थानाध्यक्ष प्रीति गर्ग के मुताबिक दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है।

## लोक जनशक्ति पार्टी ने कार्यकताओं को महिला सशक्तिकरण के लिए किया सम्मानित

**गाजियाबाद**। नवयुग मार्केट स्थित बैंक्वेट हॉल में शनिवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का सम्मान और मिलन कार्यक्रम हुआ। इसमें कार्यकताओं को महिला सशक्तिकरण के लिए सम्मान दिया गया। कई कार्यकताओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपे गए। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव एसके झा ने कहा कि रामविलास पासवान गरीबों के लिए कार्य करते थे। वे निडर और मेहनती थे। अब उनके बेटे केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान वही कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यकताओं के बीच आपसी समन्वय और संगठन की मजबूती को बढ़ावा देना था।

# शराब की दुकान पर ग्राहक बनकर आबकारी निरीक्षक, ओवर रेटिंग की जांच के लिए खुद खरीदी शराब

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जनपद को अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा चलाई जा मुहिम अब एक ओर नई मुहिम की शुरूआत हो गई है। यह मुहिम शराब तस्करों के साथ शराब विक्रेताओं के खिलाफ विशेष रूप से तैयार की गई है।

जिसकी बानगी शुक्रवार रात को जिले में देखने को मिली है। गौरतलब हो कि जनपद में पिछले कुछ समय से शराब विक्रेताओं की करतूतों से जिले में आबकारी विभाग की छवि काफी धूमिल हो रही है। शराब विक्रेता 5, 10 रुपये के लालच में किसी भी विक्रेता से चाय पानी के नाम खर्चा मांगने से नहीं चूक रहे है। उनका यह लालच आबकारी विभाग के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बन चुका है। जबकि आबकारी विभाग की टीम दिन रात शराब तस्करों पर कार्रवाई करने के साथ दुकानों की निगरानी भी कर रही है। इसी निगरानी के बीच में मौका पाकर शराब विक्रेता



अपने अवैध कार्यों को अंजाम देते है। मगर जिले में शराब पर ओवर रेटिंग को रोकने के लिए आबकारी अधिकारी ने एक नई मुहिम की शुरूआत की है। जिसमें आबकारी विभाग के मुखबिर तंत्र तो शामिल है ही, साथ ही इसमें अब आबकारी इंस्पेक्टरों की भूमिका भी सबसे अहम होगी। अभी तक जिले में शराब विक्रेताओं पर निगरानी के लिए सिर्फ आबकारी विभाग के मुखबिर तंत्र और उनके सिपाही ही गुप्त टेस्ट परचेजिंग करते हुए दिखाई देते थे। लेकिन अब उनके साथ आबकारी इंस्पेक्टरों ने भी अपना कदम बढ़ाया है। जिस तरह से अभी तक अन्य राज्यों में बड़े अधिकारी शराब की दुकानों पर पहुंच कर विक्रेताओं के कार्यों की जांच करते नजर आते थे, ठीक उसी तरह से अब गाजियाबाद में भी इसकी शुरूआत शुक्रवार रात को विजय नगर क्षेत्र में देखने को मिली। शराब की दुकानों में चल रहे ओवर रेटिंग की जांच पड़ताल के लिए आबकारी निरीक्षक खुद ग्राहक बनकर अचानक शराब की दुकान पर पहुंचे। ग्राहक के रूप में दुकान पर पहुंचे इंस्पेक्टर ने पहचान छिपाकर ओवर रेटिंग की समस्या का खुद अनुभव किया। यह जांच पड़ताल किसी एक दुकान पर नहीं बल्कि एक दर्जन से अधिक दुकानों पर की गई, मगर आबकारी इंस्पेक्टर की जांच पड़ताल में किसी भी दुकान पर ओवर रेटिंग के मामले की पुष्टि नहीं हुई। जांच पड़ताल के बाद जब इस बात की खबर शराब विक्रेताओं को लगी तो मानो क्षेत्र में हड़कंप मच गया हो। इस कार्य की आबकारी अधिकारी ने भी खुद सराहना करते हुए अन्य इंस्पेक्टरों को भी अपने-अपने क्षेत्र में निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस तरह के कार्यों से काफी हद तक शराब विक्रेताओं पर नकेल कसी जा सकती है।

शुक्रवार रात को सेक्टर–4 आबकारी निरीक्षक मनोज शर्मा अपने क्षेत्र में शराब तस्करों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में सड़कों पर चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान अपने क्षेत्र की लाइसेंसी दुकानों के लिए पहले सिपाहियों से दुकानों पर गुप्त टेस्ट परचेजिंग कराई। इसके बाद खुद जैकेट पहन कर और मुहं पर मास्क लगाकर दर्जनों दुकानों दुकानों पर चेकिंग के लिए सरकारी गाड़ी को कई किलोमीटर दूर खड़ी कर ऑटो से विजय नगर और खोड़ा क्षेत्र की कई दुकानों पर ग्राहक बनकर शराब खरीदने के लिए पहुंचे।

# जीडीए ई ऑफिस प्रणाली में सबसे आगे, फाइलों को ट्रैक करने में मिली सुमंगता, हुआ पेपरलेस वर्क

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद**। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने 01 सितंबर 2024 को खुद को ई ऑफिस प्रणाली ई ऑफिस घोषित किया था और आज यह व्यवस्था देखने को भी मिल रही है।

क्योंकि जीडीए में अब सारे काम पेपरलैस होते दिख रहे हैं। कार्यालय में ई ऑफिस प्रणाली लागू हुए चार माह से ज्यादा का समय व्यतीत हो गया है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आईएएस



अतुल वत्स जी ने बताया ई- ऑफिस प्रणाली लागू होने के बाद सिस्टम में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ी है, इसे और बेहतर करने का प्रयास है। जीडीए की यह डिजिटल परिवर्तन पहल नागरिकों को तेज और प्रभावी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक सितंबर, 2024 को जीडीए में लागू की गई ई-ऑफिस प्रणाली के बाद से आज तक सभी विभागों ने कुल 12,205 फाइलों का निस्तारण किया गया है, जिनमें से केवल 2,356 फाइलें लंबित हैं। ई-ऑफिस प्रणाली ने फाइल ट्रैकिंग को डिजिटल किया गया है। इससे पेपरवर्क में कमी आई है और विभागीय समन्वय भी बेहतर हुआ है।

# ग्रेनो प्राधिकरण कूड़ा उठाने की लिटर पीकिंग मशीन खरीदने की कर रहा तैयारी

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा गौतमबुद्धनगर**। ग्रेटर नोएडा के बाजारों से दिन भर कूड़ा उठाने के लिए प्राधिकरण का स्वास्थ्य विभाग लिटर पिकिंग मशीन खरीदने की योजना पर काम कर रहा है। प्राधिकरण इस मशीन का ट्रायल ले रहा है। शुक्रवार को इसका पहला ट्रायल हुआ है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एक माह तक ट्रायल चलेगा। अगर ट्रायल सफल रहा तो इस मशीन को खरीदने पर प्राधिकरण निर्णय लेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की मंशा है कि ग्रेटर नोएडा के बाजारों में सफाई व्यवस्था हमेशा दुरुस्त रहे। इससे खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहकों अच्छा लगेगा। अभी मैनुअल सफाई होती है। सफाईकर्मी सुबह सफाई करके कूड़ा उठाकर चले जाते हैं। दुकानें उसके बाद खुलती हैं। दुकानदार अपनी दुकानों के आगे पॉलिथीन व अन्य वेस्ट मैटेरियल का फिर से ढेर लगा देते हैं। सफाईकर्मी अगले दिन फिर कूड़ा उठाकर ले जाते हैं। इस परेशानी को खत्म करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का स्वास्थ्य विभाग लिटर पिकिंग मशीन





खरीदने की तैयारी कर रहा है। इस मशीन से दिन भर बाजार से कूड़ा उठाने में मदद मिलेगी। जब मशीन का टैंक भर जाएगा तो कूड़े को बड़े डस्टबिन या फिर पास के कूड़ाघर में फेंक दिया जाएगा। वहां से कूड़ा प्रोसेसिंग के लिए वेस्ट प्लांट चला जाएगा। शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह, मैनेजर दिव्या चौधरी व संध्या सिंह तथा स्वास्थ्य विभाग की अन्य टीम के समक्ष इस मशीन का ट्रायल शुरू हुआ। प्राधिकरण पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मार्केट में ट्रायल पर इसका इस्तेमाल करेगा, ताकि उसकी खूबियों और खामियों के बारे में ठीक से जानकारी हो सके। उसके बाद ही इस मशीन को खरीदने पर निर्णय लिया जाएगा। यह बैटरी संचालित मशीन है। एक बार बैटरी चार्ज होने पर यह लगभग 10 घंटे चलेगी। इस बारे में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने कहा है कि ग्रेटर नोएडा के बाजारों को चमकाने के लिए प्राधिकरण हर संभव प्रयास कर रहा है। लिटर पिकिंग मशीन का ट्रायल चल रहा है। सब कुछ ठीक रहने पर प्राधिकरण इसे खरीदने पर निर्णय लेगा। उन्होंने ग्रेटर नोएडावासियों से भी शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग की अपील की है।

# नवयुग मार्केट में पोस्टर मेकिंग, भाषण, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाज़ियाबाद महानगर द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित युवा महोत्सव के अंतर्गत एमबी गर्ल्स विद्यालय, नवयुग मार्केट में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महानगर मंत्री तनिष्क शिशोदिया ने बताया कि युवा तरुणाई की स्वामी विवेकानंद जी के प्रति भाव को प्रकट करने के लिए छात्राओ ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर के माध्यम से अपनी रुचि प्रकट की। इस मौके पर कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती अंतिमा चौधरी, प्रांत एसएफएस सह संयोजक अंकिता नेगी, विभाग छात्रा प्रमुख शिवंगी शर्मा, महानगर अध्यक्ष दीपक भारद्वाज, महानगर सहमंत्री तुषार बैसला, महानगर सोशल मीडिया संयोजक मोहित प्रजापति समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।